आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 156- ● जबलपुर ● गुरुवार, 7 जुलाई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल

DIGIANA NEWS 91

hathway 598

UCN NEWS 81



## लालू यादव की हालत नाजुक

### बॉडी में मूवमेंट बंद, राबड़ी की अपील-दुआ कीजिए

**नई दिल्ली,पटना ,एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल( राजद) सुप्रीमो लालू यादव की हालत काफी नाजुक है। उन्हें देर रात दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी हुई है। इससे पहले उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, बुधवार रात उन्हें एयर एंबुलेंस से दिल्ली लाया गया। दरअसल, दो दिन पहले लालू यादव अपनी पत्नी राबड़ी देवी के आवास पर सीढ़ियों से गिर गए थे, जिससे उनके शरीर में तीन जगह फैक्चर हुआ है। वह पहले से ही कई बीमारियों से जूझ रहे थे। ऐसे में चोट के कारण उनकी हालत और खराब हो गई। लालू यादव के दिल्ली पहुंचने के बाद उनके बेटे तेजस्वी यादव ने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया, सीढ़ी से गिरने के कारण उनके शरीर में तीन जगह पर फैक्चर हुआ है, इससे उनका शरीर पूरी तरह से लॉक हो चुका है और उनके शरीर में मूवमेंट नहीं हो पा रहा है। तेजस्वी ने बताया, एम्स में उनका पूरा चेकअप किया जाएगा। इसके बाद डॉक्टरों की टीम आगे के इलाज के बारे में तय करेगी। यादव परिवार के सूत्रों के मुताबिक, लालू यादव के फेफड़ों में पानी भर चुका है। इससे उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। वहीं उनका क्रेटनिन भी चार से छह पहुंच गया है। उनकी किडनी ट्रांसप्लांट की भी बात चल रही है। तेजस्वी यादव ने बताया, एक बार राजद प्रमुख की तबीयत ठीक हो जाए, उसके बाद उन्हें सिंगापुर ले जाने के लिए डॉक्टरों से बात की जाएगी। इस बीच लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी ने लोगों से भावुक अपील की है। उन्होंने लालू यादव के चाहने वालों से कहा कि वे लोग परेशान न हों, चिंता की कोई बात नहीं है। राजद अध्यक्ष ठीक हो रहे हैं।

## कुदरत का कहर

### कर्नाटक में लैंडस्लाइड में 3 की जान गई

### महाराष्ट्र में अलर्ट

## 20 राज्यों में भारी बारिश, कहीं बाढ़-कहीं लैंडस्लाइड

# राजस्थान, मप्र में बिजली गिरने से 16 लोगों की मौत





**नई दिल्ली/ शिमला/देहरादून, एजेंसी।** मानसून पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों से मध्यप्रदेश व मुंबई तक झमाझम बरस रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, दो दिन से देश के 20 से अधिक राज्यों में बारिश हो रही है। बीते 24 घंटे में देशभर में 12.2 मिमी बारिश हुई, जो एक दिन में सामान्य बारिश से 47 प्रश अधिक है। यह इस सीजन में एक दिन की सबसे अधिक बारिश भी है। दो दिन से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी बारिश हुई है। इससे पहाड़ी राज्यों में कई जगह बाढ़ और लैंडस्लाइड से हादसे हुए हैं। बुधवार को हिमाचल के कुल्लू व शिमला में बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग लापता हैं। वहीं, राजस्थान में बिजली गिरने से बूंदी में 2, बारां में 2 और भरतपुर में एक की मौत हो गई। यहां कई जिलों में अलर्ट है। मप्र में बिजली गिरने से 11लोगों की मौत हो गई।

#### कर्नाटक के पंजकाल गांव में लैंडस्लाइड

कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में लैंडस्लाइड होने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि भारी बारिश के बाद पंजकाल गांव में भूस्खलन हुआ था। एक की मौके पर ही मौत हो गई। तीन लोगों को रेस्क्यू किया गया था। इनमें से 2 ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौसम विभाग ने तटीय कर्नाटक के जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके चलते यहां के सभी स्कूलों और कॉलेजों को बंद कर दिया गया है।

#### मध्य प्रदेश में भारी बारिश

भोपाल में गुरुवार सुबह से बारिश हो रही है। मप्र के मध्य में लो प्रेशर एरिया बनने से भारी बारिश हो रही है। ग्वालियर-चंबल में बुधवार को गर्मी, उमस और फिर झमाझम बारिश के बीच कई जगह बिजली गिरी। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सबसे ज्यादा मौत श्योपुर में हुईं। छतरपुर में भी मां-बेटे सहित तीन की जान गई।

#### महाराष्ट्र के कई इलाकों में रेड अलर्ट

मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई के अधिकांश हिस्सों में बुधवार शाम से ही भारी बारिश जारी है। यहां 1 जून से सीजन की कुल बारिश 958 मिमी मिमी दर्ज की गई। जो कि कुल बारिश 2,205 मिमी का 43प्रश है। यहां के सतारा जिले में प्रतापगढ़ किले के पास आज रात भर हुई भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हुआ। वहीं, दादर और सायन के इलाकों में जलभराव देखा गया। महाराष्ट्र के कोंकण और पश्चिमी इलाकों में भारी बारिश की वजह से जलभराव और लैंडस्लाइड की घटनाएं हो रही हैं। यहां आपात स्थितियों से निपटने के लिए हृष्ठक्रन्न की 17 टीमें तैनात की गई हैं। रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग क्षेत्र 9 जुलाई तक रेड अलर्ट पर हैं। पुणे, कोल्हापुर और सतारा 8 जुलाई तक रेड अलर्ट पर हैं, जबकि मुंबई और ठाणे 10 जुलाई तक ऑरेंज अलर्ट पर हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगह पर ले जाने के निर्देश दिए हैं।



### सीएम ने किया पौधारोपण

जबलपुर, यश भारत। अल्पप्रवास पर डुमना पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विमानतल पर पौधा रोपा। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा और भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं महापौर पद के प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र जामदार मौजूद रहे।

## क्रूरता! तलाक मांगा तो सड़क पर ही पत्नी पर पेट्रोल डाल लगाई आग

**भोपाल, यशभारत।** भोपाल में रोंगटे खड़े कर देने वाली एक वारदात में एक व्यक्ति महज इस बात पर दिनदहाड़े सरेआम अपनी पत्नी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। क्योंकि वह तलाक चाहती थी।



आरोपी पति की पहचान रईस खान के तौर पर हुई है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता अपने शौहर के संदिग्ध स्वभाव और रोजाना होने वाली पिटाई से थक चुकी थी।घटना के सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक 22 वर्षीय महिला को आग के हवाले किया गया है। उसके सिर और ऊपरी शरीर से आग की लपटें उठ रही हैं। वह मदद के लिए चिल्लाती हुई इधर-उधर भाग रही है। राहगीरों ने गड्ढों में जमा पानी को उसपर फेंका ताकि आग बुझाई जा सके। कुछ लोग अपने घरों से पानी की बाल्टी लेकर दौड़े और उसे बचाया। वहीं रईस मौके से फरार हो गया और उसकी गिरफ्तारी होनी बाकी है। राजस्थान के अलीगंज छाबड़ा के रहने वाले रईस और भोपाल की मुस्कान खान की शादी 4 अप्रैल 2019 को हुई थी, लेकिन अब दोनों के रिश्ते में दरार आ चुकी है। कोतवाली के एसीपी नागेंद्र पटेरिया ने कहा कि मुस्कान जब भी अपने परिवार के सदस्यों से मोबाइल पर बात करती तो रईस को शक हो जाता और वह उससे मारपीट करने लगता।



### देवेंद्र फडणवीस को पहले बनना पड़ा डिप्टी सीएम

## अब कैबिनेट में भी नहीं रहेगा ज्यादा दखल

**मुंबई ,एजेंसी।** एकनाथ शिंदे की सरकार में मंत्रालयों के बंटवारे में भी हाईकमान डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को फ्री हैंड देने के मूड में नहीं है। सूत्रों के मुताबिक हाईकमान की राय है कि पार्टी लीडरशिप को न सिर्फ सरकार पर मजबूत पकड़ रखनी चाहिए बल्कि पार्टी में भी उसका दखल बना रहना चाहिए। कहा जा रहा है कि हाईकमान की ओर से ही तय किया जाएगा कि शिवसेना से आए और किन निर्दलीय विधायकों को कौन सा मंत्रालय दिया जाएगा। खासतौर पर मुंबई के विधायकों पर फोकस किया जा रहा है।देवेंद्र फडणवीस 2014 से 2019 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। दरअसल पार्टी मुंबई और ठाणे में खुद को मजबूत करना चाहती है, जहां शिवसैनिकों की अच्छी पकड़ मानी जाती रही है। इसलिए पार्टी की राय है कि एकनाथ शिंदे गुट के जरिए उद्धव ठाकरे के प्रभाव को इन इलाकों में कम किया जाए। इसका असर भाजपा की आंतरिक रणनीति पर भी देखने को मिल सकता है। यही नहीं इसे देवेंद्र फडणवीस के लिए दूसरे झटके के तौर पर देखा जा सकता है, जिन्हें मजबूरन पार्टी के आदेश पर डिप्टी सीएम का पद संभालना पड़ा है। महाराष्ट्र के अंदर भी देवेंद्र फडणवीस को लेकर अलग-अलग राय हैं। उनके समर्थकों का कहना है कि देवेंद्र फडणवीस की लीडरशिप में ही पार्टी स्टेट में मजबूत हुई है, जबकि विरोधियों का कहना है कि उनके दौर में भाजपा के वफादारों को किनारे लगाया गया है। ऐसे में हाईकमान बैलेंस बनाने की कोशिश में है और इसके तहत कुछ ऐसे नेताओं को अहम रोल मिल सकता है, जो अब तक किनारे लगे रहे हैं। भाजपा के एक नेता ने कहा कि सबसे अहम गृह मंत्रालय देवेंद्र फडणवीस की बजाय सुधीर मुनगंटीवार को दिया जा सकता है।

### उद्धव का साथ छोड़ने की तैयारी में अब 12 सांसद, शिवसेना के पूर्व मंत्री गुलाब राव पाटिल ने किया दावा

**मुंबई,एजेंसी।** शिवसेना के 40 विधायकों के बाद अब पार्टी के 12 सांसद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने की तैयारी में हैं। शिंदे गुट के विधायक और पूर्व मंत्री गुलाबराव पाटिल ने यह दावा किया। एक दिन पहले दक्षिण मध्य मुंबई से शिवसेना सांसद राहुल शेवाले ने राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान के लिए उद्धव ठाकरे को पत्र लिखा है। जबकि शिवसेना पहले से ही विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के समर्थन में हैं।शिवसेना में जहां उद्धव ठाकरे का आदेश ही सर्वोपरि माना जाता है, वहां राहुल शेवाले ने उन्हें पत्र लिखकर अपना रुख जाहिर कर दिया है। इससे भी शिवसेना सांसदों के शिंदे गुट में शामिल होने की चर्चा को बल मिला है।



## बड़वानी में ट्रक की टक्कर से बस पलटी 16 घायल

**बड़वानी ,एजेंसी।** जिले में गुरुवार सुबह बिजासन घाट पर ट्रक ने यात्री बस को टक्कर मार दी। इससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 16 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा सेंधवा शहर से 16 किमी दूर एबी रोड पर हुआ। बस राजस्थान के सीकर जिले से महाराष्ट्र के पुणे जा रही थी। एक व्यक्ति का पैर बस के नीचे दब गया, उसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कटर से बस की बॉडी काटकर उसका पैर निकाला गया। घायलों को सेंधवा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस पलटने से यातायात बंद हो गया। ऐसे में वाहनों की लाइन लग गई। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## भारत छोड़कर भागे विवो कंपनी के दो डायरेक्टर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चीनी मोबाइल कंपनी वीवो पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच तेज करने के बाद कंपनी को दो डायरेक्टर भारत छोड़कर चीन भाग गए हैं। समाचार एजेंसी ने जानकारी दी है कि ईडी की ओर से जांच तेज करने के बाद चीनी फर्म वीवो के निदेशक झेंगशेन ओउ और झांग जी भारत से भाग गए हैं।प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को चीनी स्मार्टफोन निर्माता वीवोऔर उससे जुड़ी हुई फर्मों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में 44 स्थानों पर तलाशी ली गई थी। ईडी के अधिकारियों ने जानकारी दी कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत छापेमारी की जा रही है। ईडी ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मेघालय, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में वीवो और उससे संबंधित कंपनियों से जुड़े 44 स्थानों पर तलाशी ले रही है। ईडी को शक है कि वीवो कंपनी ने कथित शेल कंपनियों का उपयोग करके अवैध रूप से कमाए गए धन की हेराफेरी की है। कुछ ''आपराधिक आय'' को विदेश भेजा गया या भारतीय कर और प्रवर्तन एजेंसियों को धोखा देकर कुछ अन्य व्यवसायों में लगा दिया गया। इस कार्रवाई को चीनी संस्थाओं और उनसे जुड़े भारतीय पक्षों के खिलाफ केंद्र सरकार की कार्रवाई के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने जम्मू-कश्मीर स्थित वीवो के एक डिस्ट्रीब्यूटर्स के खिलाफ केस दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुछ चीनी नागरिक कंपनी के शेयरहोल्डर्स थे ।




**ईडी ने 44 ठिकानों पर मारा था छापा**

## लीना मणिमेकलाई पर लुक आउट सर्कुलर जारी करने केंद्र से अनुरोध करेगी एमपी सरकार

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश सरकार मां काली के विवादास्पद पोस्टर मामले में फिल्म निर्देशक लीना मणिमेकलाई के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का आग्रह करेगी। यह परिपत्र केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा कहते हैं कि झूठी लोकप्रियता के लिए मणिमेकलाई एक वर्ग विशेष को उकसा रही हैं। समाज में वैमनस्यता फैलाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ट्विटर को भी नोटिस देगी। उनसे समाज में वैमनस्यता फैलाने वाले संदेशों को रोकने के लिए कहा जाएगा। ज्ञात हो कि मणिमेकलाई ने वेब सीरिज काली के पोस्टर में देवी काली को सिगरेट पीते और भगवान शिव एवं मां पार्वती को बीड़ी पीते हुए दिखाया है। जिस पर हिंदू धर्मावलंबियों ने कड़ी आपत्ति ली है। गृहमंत्री ने कहा कि मणिमेकलाई की दूसरी पोस्ट बताती है कि वह जानबूझकर हिंदू वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत कर रही हैं। उनके खिलाफ बुधवार को एफआइआर दर्ज की गई है आगे भी कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। हम केंद्र सरकार को लिख रहे हैं कि वह मणिमेकलाई के खिलाफ लुक आउट सरक्यूलर जारी करें। जिससे आगे की कार्रवाई में सहयोग हो सके। डा. मिश्रा ने कहा कि यह भी देखने में आ रहा है कि विक्षिप्त लोग हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए ट्विटर का टूल की तरह उपयोग कर रहे हैं। इसलिए ट्विटर प्रबंधन को भी पत्र लिखा जा रहा है। ट्विटर से कहा जाएगा कि वह इस तरह की धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली पोस्ट को पहले ही स्कैन करने की व्यवस्था करें। ताकि आपत्तिजनक सामग्री ट्विटर पर पोस्ट ही नहीं हो सके। गृहमंत्री ने कहा कि मेरा विरोध इस बात को लेकर है कि आखिर हिंदुओं को ही साफ्ट टारगेट क्यों बनाया जाता है। अभिव्यक्ति की आजादी केवल हिंदू धर्म को लेकर ही क्यों दिखाई जाती है, किसी और धर्म को लेकर क्यों नहीं कोई हिम्मत जुटाता है।



## TMC नेता समेत 3 लोगों की हत्या

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में टीएमसी नेता स्वपन माझी की आज सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनके साथ ही दो अन्य लोगों को गोली मारी गई, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह तिहरा हत्याकांड आज सुबह उस वक्त हुआ, जब टीएमसी नेता बाइक से अपने दो साथियों के साथ घर से निकले थे। इस दौरान कुछ लोगों ने मोटरसाइकिल को रोककर अंधाधुंध फायरिंग की और फरार हो गए। गोलियां लगने से टीएमसी लीडर और उनके दोनों साथियों की मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल भारी संख्या में पुलिस को तैनात किया गया। मौके से कारतूस के खोखे और बम बरामद किए जाने की खबर है। स्वपन माझी टीएमसी के नेता हैं और स्थानीय पंचायत के सदस्य भी थे। केनिंग पश्चिम के टीएमसी विधायक परेश राम दास ने कहा कि हत्यारों ने पहले तो टीएमसी नेता समेत तीन लोगों को गोली मारी और फिर उनके सिर भी काटने की कोशिश की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया त्तीन लोगों की हत्या हुई है।



## सीएम भगवंत मान दूसरी बार दूल्हा बने

### 16 साल छोटी डॉ. गुरप्रीत के साथ फेरे लिए

**चंडीगढ़,एजेंसी।** पंजाब के सीएम भगवंत मान गुरुवार को दूसरी बार दूल्हा बने। उन्होंने डॉ. गुरप्रीत कौर के साथ सीएम आवास में फेरे लिए। अरविंद केजरीवाल ने पिता की तो राघव चड्ढा ने भाई की रस्में निभाईं। शादी में मान और गुरप्रीत के परिवार के अलावा केजरीवाल का परिवार भी शामिल हुआ। 32 साल की गुरप्रीत भगवंत (उम्र 48) से 16 साल छोटी हैं। दोनों की मुलाकात करीब चार साल पहले हुई थी। भगवंत की यह दूसरी शादी है। पहली पत्नी से उन्होंने 2015 में तलाक लिया था। पहली शादी से मान के 2 बच्चे दिलशान (17) और सीरत (21) हैं और मां के साथ अमेरिका में रहते हैं।

# देर रात तक लगी रही चौपाल.....

**जबलपुर, यश भारत।** नगर निगम चुनाव के लिए बुधवार 6 जुलाई को हुए मतदान की प्रक्रिया भले ही शाम 5:00 बजे समाप्त हो गई हूं ,लेकिन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी और समर्थक तथा निर्दलीय और बागी प्रत्याशी भी देर रात तक अपने-अपने कार्यालयों में बैठकर मतगणना के बाद की स्थिति पर चर्चा करते रहे । मतदान केंद्रों में बैठे अपने लोगों से मतगणना स्थल और बूथ के संबंध में फीडबैक लेते रहे कि किस बूथ कितने वोट पड़े और उनमें से कितने वोट उन्हें मिल सकते है । इसको लेकर भी मंथन चलता रहा। वोटो के प्रतिशत के आधार पर ही जीत-हार को लेकर अपने-अपने तरीकों से प्रत्याशी और उनके समर्थक आकलन में लगे रहे । एक तरफ जहां प्रत्याशी और उनके समर्थक जीत हार के गुणा भाग में माथापच्ची करते नजर आए तो वही आप मतदाता भी अपने अपने तरीके से प्रत्याशियों की जीत हार की भविष्यवाणी करने में




पीछे नहीं रहे । मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद हर गली चौराहों से लेकर चाय पान की दुकानों तक में यही चलता रहा । हालांकि चुनाव के नतीजे किस ओर जायेंगे यह तो 17 जुलाई को मतगणना के बाद ही साफ हो पायेगा ,लेकिन मतदान के बाद महापौर पद से लेकर पार्षद पद के उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत के दावे करने में लगे हैं। यदि बुधवार को संपन्न हुए मतदान की बात की जाए तो आम तौर पर मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला और पुलिस प्रशासन के द्वारा शांतिपूर्ण चुनाव के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी हालांकि कुछ बूथों पर कुछ अव्यवस्था भी सामने आई जिन्हें समय रहते दुरस्त भी कर लिया गया । कुछ मतदान केंद्रों में मतदाताओं को वोट डालने नहीं मिला तो कुछ केंद्रों में लोग अपनी पर्चियां लेकर भटकते रहे ,उन्हें वोट डालने नहीं मिला । कुछ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से ही नदारद थे । कुछ मतदाताओं के मतदान केंद्र बदलेजाने से भी उन्हें भटकना पड़ा ,कुछ की शिकायत की उनके नाम वोटर लिस्ट से ही गायब है और उन्हें भटकना ही नसीब हुआ तथा वे मतदान से वंचित रह गए

## स्ट्रांग रूम में बंद हुई प्रत्याशियों की किस्मत,17 को नतीजे

जबलपुर,यशभारत। तकरीबन सात साल बाद मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण का मतदान समाप्त हो गया। जबलपुर नगर निगम सहित दो नगर पालिका परिषद और दो परिषदों में मतदान शान्तिपूर्ण ढंग से होने के बाद ईव्हीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम लाने का क्रम देर रात तक चलता रहा। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईव्हीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया। अब 17 जुलाई को मतगणना के समय स्ट्रांग रूम खोला जाएगा।जबलपुर नगर निगम और दो नगर पालिका परिषद सहित दो परिषदों में मतदान समाप्त होने के बाद देर रात तक ईव्हीएम मशीनों को लाया जा रहा था। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ इलैयाराजा टी पूरे समय तक स्ट्रांग रूम में मौजूद रहें। कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईव्हीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया। 6 जुलाई को जबलपुर नगर निगम सहित नगर पालिका परिषद पनागर,नगर पालिका परिषद सिहोरा, नगर परिषद भेड़ाघाट, नगर परिषद बरेला में पहले चरण के मतदान हुए।नगर निगम जबलपुर में बीते चुनाव की तुलना में इस बार मतदान कुछ न कम हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ इलैयाराजा टी ने बताया कि महापौर और पार्षद पद के लिए हुए चुनाव में पिछले साल की तुलना में थोड़ा कम मतदान हुआ। साल 2015 में 31 जनवरी को मतदान में 62 दशमलव 90न मतदान हुआ था वही वर्ष 2022 में मतदान प्रतिशत 60.12 रहा जो कि बीते चुनाव की अपेक्षा थोड़ा कम है। यह रही मतदान की स्थिति,नगर निगम जबलपुर-60.12नगर पालिका परिषद पनागर-78.83नगर पालिका परिषद सिहोरा-73.80नगर परिषद भेड़ाघाट-83.30नगर परिषद बरेला-74.80।

# कल भड़ली नवमी पर रहेगी विवाह की धूम

**जबलपुर,यशभारत।** 8 जुलाई को आषाढ़ शुक्ल भड़ली नवमी के दिन सैकड़ों विवाह होंगे। अक्षय तृतीया की तरह इस दिन भी विवाहादि मांगलिक कार्यों के लिए अबूझ मुहूर्त होता है। यानी इस तिथि को बगैर मुहूर्त देखे निस्संकोच मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। हिंदू पंचाग के अनुसार यह तिथि साल के पूर्वार्ध में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार आदि के लिए अंतिम शुभ तिथि मानी गई है। इसके उपरांत देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। चातुर्मास की इस अवधि में मांगलिक या शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं। लिहाजा भड़ली नवमी का विशेष महत्व

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरुआत 07 जुलाई गुरुवार को शाम 07 बजकर 28 मिनट से होगी, जिसका समापन अगले दिन 08 जुलाई शुक्रवार को शाम 06 बजकर 25 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार भड़ली नवमी 08 जुलाई को मनाई जाएगी। भड़ली नवमी के अबूझ मुहूर्त में ज्यादा से ज्यादा शादियां होंगी। पुरोहितों के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष भड़ली नवमी इस बार शिव, सिद्ध, रवि इन तीन योगों में मनाई जाएगी। इन तीन शुभ योगों के संयोग से इस दिन की महत्ता और बढ़ गई है। इसके अलावा शादी का अबूझ महुर्त होने के कारण इस दिन सैकड़ों शादियां होंगी। मांगलिक कार्य एवं क्रय-विक्रय के लिए शुभ दिन माना गया है। गुप्त नवरात्र का पूजा-पाठ, हवन, आरती, कन्या भोज के साथ समापन होगा।

विवाह के लिए अब सिर्फ 8 जुलाई का शुभ मुहूर्त शेष हैं। इसके बाद 9 जुलाई से 18 नवंबर तक 133 दिन विवाह के लिए इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि

## 10 जुलाई देवशयनी एकादशी से मांगलिक कार्यों पर विराम 133 दिन विवाह के लिए करना पड़ेगा इंतजार



10 जुलाई देवशयनी एकादशी से मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। देव प्रबोधिनी एकादशी के बाद भी वैवाहिक आयोजन की शुरुआत नहीं होगी। इसकी वजह विवाह के लिए आवश्यक शुक्र का तारा अस्त होना रहेगा। शुक्र का तारा 30 सितंबर से 18 नवंबर कुल 49 दिन अस्त रहेगा। इसके बाद विवाह मुहूर्त 19 नवंबर से हैं। नवंबर में छह और दिसंबर में पांच विवाह के मुहूर्त रहेंगे। 4 नवंबर देवप्रबोधनी एकादशी तक चातुर्मास के 117 दिन श्रीहरि विष्णु योग निद्रा में रहेंगे, लेकिन मांगलिक कार्यों पर विराम 133 दिन रहेगा। इस दौरान रक्षा बंधन, नाग पंचमी, कृष्ण जन्माष्टमी, हरितालिका तीज, गणेशोत्सव, सोलह दिनी श्राद्ध पक्ष, शारदीय नवरात्र सहित अधिकांश प्रमुख तीज-त्योहार आएंगे। पं. वासुदेव शास्त्री के अनुसार 14 जुलाई से श्रावण माह की शुरुआत के साथ महादेव समूची सृष्टि के काज संभालेंगे। इस अवसर पर संतों के सान्निध्य में व्रत-उपवास के जरिए आराध्य की साधना होगी। चातुर्मास भगवान विष्णु के शयनकाल का समय है। शास्त्रों में इस दौरान विवाह, उपनयन संस्कार, गृह प्रवेश सहित सभी मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। साधु-संत भ्रमण न करते हुए एक स्थान पर रहकर तप-साधना करते हैं। योग निद्रा में भगवान के रहने की अवधि देवशयनी एकादशी से देवप्रबोधिनी एकादशी तक रहती है। सामान्यतः चातुर्मास चार माह का होता है लेकिन इसके साथ जब अधिक मास जुड़ जाता है तो इसकी अवधि एक माह बढ़जाती है। इसके चलते 2020 में चातुर्मास 147 दिन का था, जबकि 2021 में 119 व और इस वर्ष 2022 में 117 दिन का है। चातुर्मास के दौरान प्रत्येक तीन साल में एक बार अधिक मास आता है। इसकी वजह चातुर्मास के साथ दांपत्य सुख को प्रदान करने वाले शुक्र के तारे का अस्त होना होगा।

### कब कौन से तीज-त्योहार

- 13 जुलाई को गुरु पूर्णिमा (वेदव्यास जयंती)
- 18 जुलाई को श्रावण का पहला सोमवार।
- 25 जुलाई को श्रावण का दूसरा सोमवार।
- 28 जुलाई को हरियाली अमावस्या।
- 31 जुलाई को हरियाली तीज।
- 1 अगस्त को श्रावण सोमवार।
- 2 अगस्त को नाग पंचमी।
- 8 अगस्त को श्रावण सोमवार।
- 11 अगस्त को रक्षाबंधन।
- 18 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी।
- 20 अगस्त को गोगा नवमी।
- 30 अगस्त को हरितालिका तीज।
- 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी।
- 1 सितंबर को ऋषि पंचमी।
- 9 सितंबर को अनंत चतुर्दशी।
- 10 सितंबर से श्राद्ध पक्ष प्रारंभ।
- 25 सितंबर को सर्वपितृ अमावस्या।
- 26 सितंबर से शारदीय नवरात्र।
- 4 अक्टूबर को महानवमी।
- 5 अक्टूबर को दशहरा।
- 9 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा।
- 22 अक्टूबर को धनतेरस।
- 23 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी।
- 24 अक्टूबर को दीपावली।
- 26 को गोवर्धन पूजा और भाई-दूज।
- 5 अक्टूबर को विजयादशमी
- 4 नवंबर को देवप्रबोधिनी एकादशी।




## एसडीएम की टीम ने कमाल कर दिया

# पनागर- बरेला में बंफर वोटिंग

**जबलपुर, यशभारत।** नगर परिषद का मतदान समाप्त होने के बाद यह तथ्य निकाले जा रहे हैं कि किस परिषद में कितना अच्छा मतदान हुआ और किस अधिकारी ने इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई है। चर्चा है कि एसडीएम पीके सेन गुप्ता और उनकी टीम ने बरेला और पनागर में बंफर वोटिंग के साथ शांति पूर्ण तरीके से मतदान कराने में सफलता प्राप्त की है। एसडीएम पीके सेन गुप्ता ने बताया कि मतदान को लेकर बहुत पहले पूरी टीम को निर्देश दिए गए थे कि वह लोगों को जागरूक कर मतदान के प्रेरित करें। यही कारण है कि पनागर में 78 प्रतिशत से ज्यादा तो बरेला में 74 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ।




# भक्ति ज्ञान वैराग्य की त्रिवेणी है -श्रीमद् भागवत ब्र. चैतन्यानंद ,भव्य शोभायात्रा निकाली

**जबलपुर, यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में आयोजित गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह पर आज श्रीमद् भागवत की शोभा यात्रा कलश धारी महिलाओं के साथ एवं वैदिक उद्घोष के साथ निकाली गई जिसमें परम पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्य जी महाराज के के मार्गदर्शन में आचार्य एवं यजमानगण उपस्थित रहे आज की कथा में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने बताया कि भक्ति ज्ञान वैराग्य की महिमा के संदर्भ में श्रीमद् भागवत के श्रवण से महा पापी भी मुक्ति को प्राप्त कर लेता है जिस तरह से श्रीमद्भागवत की महिमा है श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप वेद उपनिषदों का सार है इस क्रम में सप्ताह ज्ञान यज्ञ की परंपरा भूतल पर स्थापित हुई इस महत्ता को ब्रह्मचारी जी ने श्रीमद्भागवत के माध्यम से स्पष्ट किया धुंधकारी का उद्धार एवं गोकर्ण के द्वारा अपने पिता को सदुप देश के माध्यम से वैराग्य का ज्ञान और भगवान के चरणों में तथा श्रीमद् भागवत भगवान की प्रीति हृदय में स्थापित कर ज्ञान यज्ञ की महिमा को स्थापित किया आज श्रीमद् भागवत् एवं व्यासपीठ पूजन श्रीमद् भागवत पारायण कर्ता नर्मदा प्रसादशर्मा के द्वारा श्रीमती प्रभा यादव वीके पटेल मधु यादव श्रीमती पदमा मैनन श्रीमती उषा कटारिया नंद किशोर ठाकुर श्रीमती नीता पटेल मनोज सेन आदि भक्तगणों से कराया।

# तहसीलदार-कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के साथ धक्का-मुक्की, एफआईआर दर्ज

## बूथ में हंगामा कर रहे युवक को समझाना भारी पड़ा

**जबलपुर, यशभारत।** नगरीय निकाय चुनाव के तहत जबलपुर खालसा स्कूल मतदान केन्द्र क्रमांक 916 में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक और तहसीलदार-कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के बीच वाद-विवाद हो गया। युवक के द्वारा हंगामा करने पर तहसीदार समझाने पहुंचे थे। इसके बाद वह आग बबूला हो गया और उसने धक्का मारते हुए तहसीलदार को बाहर कर दिया। घटना की शिकायत तहसीलदार ने रांझी थाने में दर्ज की है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। तहसीलदार श्याम नंदन चंदेले ने रांझी थाने में शिकायत करते हुए बताया कि मतदान क्रमांक 916 में ईव्हीएम की शिकायत पर जांच करने पहुंचा था, देखा तो मतदान क्रमांक 907 में युवक मनीष जैन हंगामा कर रहा था। वहां पहुंचा तो युवक गुस्से में उलझ गया और कॉलर पकड़, धक्का देखकर बाहर कर दिया। साथ में मौजूद पुलिस आरक्षक ने द्वारा हंगामा कर रहे मनीष जैन को बताया गया कि जिससे विवाद कर रहे है वह तहसीलदार-कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हैं। वाबजूद युवक नहीं माना और धक्कामुक्की करता रहा। पुलिस ने शिकायत पर शासकीय कार्य में बाधा डालने पर प्रकरण दर्ज किया है।

## मंदिर की व्यवस्था के बाद गांव सरकार की जिम्मेदारी

### 25 साल की पानी की समस्या दूर करेंगे

**जबलपुर, यशभारत।** ग्राम पंचायत चुनाव के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जबलपुर जनपद की ग्राम पंचायत शारदा मंदिर रिछाई में मंदिर के व्यवस्थापक आशीष शुक्ला ने सरपंच पद का चुनाव जीता है।



नवनिवाजचित सरपंच अशाीष शुक्ला का कहना है कि पंचायत में 25 साल से पानी की समस्या है जिसे दूर करना है। प्रत्येक घर तक पानी पहुंचे यह पहली प्राथमिकता है। मंदिर की व्यवस्था के साथ-साथ अब गांव में विकास कायज़ कराना प्राथमिकता रहेगी। अशीष शुक्ला का कहना है कि पंचायत में ढेरों ऐसे कार्य है जिन्हें पूरा किया

# 15 जुलाई तक जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी समेत चार ट्रेनें रद्द्

## इन ट्रेनों को अब 16 जुलाई तक के लिए रदद् कर दिया है

**जबलपुर, यशभारत।** रेलवे ने ट्रेनों की संख्या बढ़ाने के साथ ट्रेनों को रद्द करना भी शुरू कर दिया है। जबलपुर रेल मंडल की सीमा से गुजरने वाली चार ट्रेनों को रेलवे ने 16 जुलाई तक रदद् कर दिया है। इस दौरान इन ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों का आरक्षण भी रद हो गया है। इन यात्रियों को टिकट का 100 फीसदी शुल्क रिफंड किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा पश्चिम मध्य रेल से संबंधित चार जोड़ी ट्रेनों को पहले 9 जुलाई तक के लिए निरस्त किया था। इन ट्रेनों को अब 16 जुलाई तक के लिए रद कर दिया है। इनमें जबलपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होने वाली जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी है। दरअसल जबलपुर से अंबिकापुर जाने के लिए एक मात्र इंटरसिटी है, जिसे रेलवे पिछले चार माह से लगातार रद कर रहा है। इस ट्रेन के न चलने से जबलपुर से अंबिकापुर के बीच रेल संपर्क टूटा हुआ है।



### ये ट्रेनें की रदद्

भोपाल से बिलासपुर के बीच चलने वाली ट्रेन 18235-36 ट्रेन को 10 से लेकर 16 जुलाई तक के लिए रद किया गया है। वहीं ट्रेन 18247 बिलासपुर-रीवा भी 16 जुलाई तक रद रहेगी। इसके अलावा ट्रेन 18248 रीवा-बिलासपुर को रद किया गया है। इसके अलावा अपने प्रारंभिक स्टेशन से रवाना होने वाली ट्रेन 11265 जबलपुर-अंबिकापुर का 15 जुलाई और ट्रेन 11266 अंबिकापुर-जबलपुर को 16 जुलाई तक के लिए रद किया गया है। ट्रेन 22169 रानी कमलापति-संतरागाछी साप्ताहिक हमसफर को 13 और 14 जुलाई को रद किया है।

## पत्रकारिता विभाग, रादुविवि एवं महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विश्व खेल पत्रकारिता दिवस के संदर्भ में संगोष्ठी

# खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में आया व्यापक बदलाव, युवाओं के लिए संभावनाएं बढ़ीं

**जबलपुर,यशभारत।** पिछले एक दशक में खेल के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव आया है। गुजरे जमाने में क्रिकेट की लोकप्रियता के पीछे रेडियो हुआ करता था। लोग रेडिया पर क्रिकेट कमेंट्री सुनने के लिए दीवाने थे। अब एनालिटिक्स का उपयोग हो रहा है। खेल पत्रकारिता के कई अलग-अलग रूप हैं, खेल-दर-खेल और खेल के रिकैप से लेकर खेल में महत्वपूर्ण विकास पर विश्लेषण और खोजी पत्रकारिता तक। प्रौद्योगिकी और इंटरनेट युग ने खेल पत्रकारिता के क्षेत्र को व्यापक रूप से बदल दिया है। वर्तमान सहस्त्राब्दी में इंटरनेट ब्लॉगिंग और ट्वीटिंग के नए रूपों ने खेल पत्रकारिता की सीमाओं को और अधिक विस्तारित कर दिया है; ये जानकारी वरिष्ठ खेल पत्रकार और आकाशवाणी के पूर्व अपर महानिदेशक श्री राजीव शुक्ला ने सोमवार को विश्व खेल पत्रकारिता दिवस के संदर्भ में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में दी। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कौंसिल हॉल में संचार अध्ययन एवं षोध विभाग (पत्रकारिता विभाग) एवं महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विष्व खेल पत्रकारिता दिवस के संदर्भ में वर्तमान समय में खेल पत्रकारिता के समक्ष चुनौतियां एवं भविष्य विषय पर आयोजित संगोष्ठी माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने अपने ऑनलाईन शुभकामना संदेश में कहा कि खेलों का मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। युवाओं में खेलों के प्रति रूझान बढ़ा है, ऐसे में खेल पत्रकारिता में संभावनाएं भी बढ़ीं हैं। कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह



ने भी ऑनलाईन शुभकामना संदेश दिया। प्रारंभ में स्वागत भाषण और विषय प्रवर्तन करते हुए पत्रकारिता विभागाध्यक्ष प्रो. धीरेन्द्र पाठक ने बताया कि खेल पत्रकारिता लेखन का एक रूप है जो खेल विषयों और प्रतियोगिताओं से संबंधित मामलों पर रिपोर्ट करता है । खेल पत्रकारिता 1800 के दशक की शुरुआत में शुरू हुई जब इसे सामाजिक अभिजात वर्ग के लिए लक्षित किया गया और समाचार व्यवसाय के एक अभिन्न अंग में बदल दिया गया, जिसमें समाचार पत्र समर्पित खेल अनुभाग थे। वर्तमान में समय में यह मध्यम और निम्न वर्ग में भी लोकप्रिय है और खेल पत्रकारिता में विस्तार भी निरंतर हो रहा है।

### तकनीक ने बदल दिये खेल पत्रकारिता के आयाम

संगोष्ठी में सारस्वत अतिथि एवं वक्ता श्री पंकज स्वामी, जनसम्पर्क अधिकारी, मप्र विद्युत विभाग ने कहा कि प्रिंट स्पोर्ट्स जर्नलिज्म में गिरावट को इंटरनेट और डिजिटल स्पोर्ट्स जर्नलिज्म के उदय से जोड़ा जा सकता है। पहले डिजिटल खेल पत्रकारिता में व्यापक विषयों को शामिल किया गया था, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया और इंटरनेट अधिक व्यापक होता गया, ब्लॉगर और स्थान और टीम विशिष्ट वेबसाइटें बाजार पर कब्जा करना शुरू कर दिया। व्यक्ति के लिए इस कम लागत के साथ-साथ बहुत विशिष्ट सामग्री की विविधता तक पहुंच बढ़ने से प्रिंट और डिजिटल की ओर भी बदलाव आया। वर्तमान समय में खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हैं।

### खेलों के प्रति रूचि और भाषा की पकड़ जरूरी-

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पं. अटल बिहारी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो. खेमसिंह डहेरिया ने कहा कि एक अच्छा खेल पत्रकार बनने के लिए पहली शर्त उस खेल में रूचि होना जरुरी हैं। एक अच्छा खेल पत्रकार बनने के लिए भाषा में अच्छी पकड़ भी एक विशेषता है, जिसपर युवाओं को ध्यान देना चाहिए। अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक एवं संयोजक डॉ. प्रशांत मिश्र ने कहा कि खेल पत्रकारिता में केवल फिल्ड एक्टिविटी के बारे में रिपोर्टिंग पर्याप्त नहीं होती हैं. बल्कि खेल से जुड़े खिलाड़ियों टीम स्टाफ से जुड़ी स्टोरीज, रहस्य, कारनामे, निजी जीवन से एक पत्रकार को रूबरू होना पड़ता हैं। संगोष्ठी का संचालन डॉ. आशा रानी ने किया। इस अवसर पर पत्रकारिता विभाग के अतिथि विद्वान डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. मोहम्मद जावेद, डॉ. शैलेष प्रसाद, डॉ. प्रमोद पाण्डेय, डॉ. मोहनिका गजभिये सहित सभी बीजेसी, एमजेसी, बीएएमसी, एमएएमसी छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# जर्जर आवास भवन जर्जर शासकीय भवनों/आवासो की शीघ्र मरम्मत की जाए

**मरम्मत के अभाव मे शासकीय भवन/ आवास हो रहे जर्जर**

जबलपुर,यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारीकर्मचारी सयुक्त समनव्य समिति के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मॉर्टिन ने आरोप लगाया कि कि अफसरों की लालफिताशाही और लाफरवाही, भृष्टाचार के चलते शासकीय भवनों/आवास मरम्मत, रंगाई-पोताई के अभाव मे जर्जर होते जा रहे हैं. शासकीय कालोनियो की स्थिति अत्यन्त दयनीय है, गंदगी से सराबोर है, ना तो शासकीय कालोनी मे जल निकासी के लिए समुचित पक्की नालियों की व्यवस्था है, ना ही सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल इत्यादि की. आवासो का प्लास्टर तक खराब हो चुके हैं छत का प्लास्टर झड़ने से कर्मचारियों के परिवार के साथ कोई भी अप्रिय घटना भी घटित हो सकती है. दरवाजे खिड़की भी लकड़ियों की जर्जर अवस्था में हैं। आलम यह है की मरम्मत की राशि का बंदर बाट कर सिर्फ कागजो पर मरम्मत, रंगाई-पोताई कर दी जाती है या फिर गुणवत्ता विहीन मरम्मत/ निर्माण कार्य कराया जाता है, जो की जल्द ही जर्जर हो जाते हैं। मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया कि तत्काल शासकीय भवनों /आवासो की मरम्मत करवाये जाने तथा मरम्मत कार्य मे हो रही खानापूर्ति/ लापरवाही/ के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी करने का कष्ट करें।

# आधा घंटे झमाझम बारिश से शहर तरबतर

**जबलपुर,यशभारत। मानूसन सक्रिय हो चुका है। गुरुवार सुबह से तेज उमस रही पर दोपहर में हुई करीब आधे घंटे की भारी बारिश ने शहर को तर-बतर कर दिया। नाले-नालियां उफना गए। इस दौरान करीब आधा इंच बारिश हुई। बारिश का आंकड़ा 14 इंच पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। कहीं-कहीं बिजली गिरने और मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। सुबह से निकली धूप और उसम भरी गर्मी से लोगों को पसीने से तरबतर करती रही थी फिर दोपहर में काले बादल छा गए और बादलों की गड़-गड़ाहट के बीच तेज बारिश होने लगी।**



समाचार लिखे जाने तक बादलों के साये में रिमझिम फुहारें रुक-रुक कर पड़ रही हैं। उसम भरी गर्मी से बेहाल लोगों को मामूली राहत मिली। बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस से 3.6 डिग्री कम होकर 29.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। बावजूद इसके वातावरण में उमस छाई रही। जिससे दिन में लोगों के पसीने छूट गए। जबकि न्यूनतम तापमान में करीब दो डिग्री की बढ़ोतरी रही। न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री से बढ़कर 25.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# `बेकाबू कार ने मचाया कोहराम

## तेज रफ्तार कार ने ठेला को टक्कर मारकर पलटी

**जबलपुर, यशभारत।** गोराबाजार के बिलहरी में मंडल की ओर से आ रही बेकाबू कार, पेड से टकराते हुए एक ठेला को धक्का मारकर दूर तक घिसटते हुए पलट गयी। हादसे में ठेला संचालक के मिट्टी के बर्तन टूट गए। जिसकी रिर्पोट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, रोड पर पलटी कार को क्रेन की मदद से उठाकर थाने में जब्त किया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि दिनेश पासी पिता स्व. रामचरण पासी निवासी मधुवन कॉलोनी तिलहरी ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी हनुमान मंदिर के पास पूजन सामग्री की दुकान है। वहीं ठेला में मिट्टी के बर्तन रखकर बेचता है। मंडल की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 18 सी 5603 का चालक पेड से टकराकर, ठेला में धक्का मार दिया। जिससे उसक बर्तन आदि टूट गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# विवादित डॉक्यूमेंट्री काली को लेकर एफआईआर दर्ज

जबलपुर, यशभारत। विवादित डॉक्यूमेंट्री 'काली' के पोस्टर को लेकर फिल्म मेकर लीना मणिमेकलाई पर जबलपुर के पनागर में एफआईआर दर्ज की गई है। विधायक सुशील तिवारी के बेटे हर्ष तिवारी ने मामले की शिकायत की है। पनागर थाना प्रभारी आरके सोनी ने बताया कि शिकायत में कहा गया है कि डॉक्यूमेंट्री 'काली' के पोस्टर में मां काली को आपत्तिजनक रूप में दिया गया है। हिंदू धर्म की आस्था का केंद्र मां काली के ऐसे रूप से धार्मिक भावनाओं को आहत करने का प्रयास किया गया है।

# बाइकों में सीधी भिडंत

# स्कूटी सवार ने पैर में चढ़ा दी बाइक, पीड़ित अस्पताल में भर्ती



**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट रोड पर एक बेकाबू स्कूटी चालक ने बाइक सवार युवक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान युवक रोड से पांच फिट दूर जा गिरा, जहां स्कूटी सवार ने पैर में बाइक चढ़ाते हुए आगे निकल गया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकातय पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि धर्वेन्द्र पिता शिवचरण कोरी 35 साल निवासी कोरी मोहल्ला गढ़ा ने बताया कि वह घर से ग्वारीघाट रोड अपनी बाइक में जा रहा था, तभी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसवाय 9652 के चालक ने सीधी टक्कर मारते हुए उसे लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद आनन-फानन में घायल को राहगीरों ने निजी अस्पताल में भर्ती किया। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# कांग्रेस मेयर कैंडिडेट अन्नू ने कहा : तकनीकी गड़बड़ी न हो इसलिए नजर रखना जरूरी है



**जबलपुर, यशभारत।** कांग्रेस महापौर प्रत्याशी जगतबहादुर सिंह अन्नू आज सुबह एमएलबी स्कूल स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचे। जहां उन्होंने ईव्हीएम का अवलोकन किया। इस दौरान अन्नू ने कहा कि तकनीकी गड़बड़ी न हो इसके लिए स्ट्रांग रूम में उनके समर्थक नजर रख रहे हैं। यह कार्य अधिकारियों की समन्वय से किया जा रहा है। जनता ने पूरी मेहनत से वोट डाला है इसलिए उनकी मेहनत बेकार न जाए इसलिए सभी साथी के अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम पर नजर रख रहे हैं।

# चाय की दुकान चलाने वाली महिला के घर में पत्थर फेंककर, मारपीट

## 3 आरोपियों ने दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल की पुरानी बस्ती में चाय की दुकान चलाने वाली महिला से तीन आरोपियों ने मारपीट कर, घर में पत्थर फेंके। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रानू नामदेव 45 साल पति स्व. अशोक नामदेव, निवासी पुरानी बस्ती चाय की दुकान चलाती है। देर रात चिट्टी कोल अपने अन्य दो साथियें के साथ आया और उसके घर में पत्थर फेंकने लगा। जब उसने विरोध किया तो बेटे ऋषि से झूमाझपटी कर, महिला से जमकर मारपीट कर दी और मौके से फरार हो गए।

# सीएम राइज के अंतर्गत प्रवेश में निष्पक्षता जरूरी : तरुण भनोत

**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नवीन शिक्षा नीति के दृष्टिगत सर्व संसाधन सम्पन्न विद्यालयों की स्थापना हेतु सीएम राइज योजना की शुरुआत की गई हैं, जिसके माध्यम से प्रदेश के गरीब और आर्थिक तंगी झेल रहे परिवारों के बच्चों को नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य हैं , किन्तु, शिक्षा विभाग एवं अधिकारियों की लापरवाही और पक्षपातपूर्ण रवैये के कारण मुख्यमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए इस योजना मे पलीता लगाने में लगे हैं। उक्त आरोप प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं जबलपुर पश्चिम से विधायक तरुण भनोत ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र के माध्यम से लगाया हैं । श्री भनोत ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में बताया कि पिछले दिनों ही स्थानीय अखबारों के द्वारा यह जानकारी उपलब्ध कराई गई थी कि प्रदेश के 14 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं पिछले दो वर्षों के कोरोनाकाल के दौरान स्कूली शिक्षा से बाहर हो चुके हैं, जिनमे अधिकतर संख्या छात्राओं की हैं, जो आर्थिक पारिवारिक परेशानियों के कारण और सरकार की लापरवाही के कारण स्कूली शिक्षा से बाहर होने पर उन्हे मजबूर होना पड़ा । कोरोना महामारी के दौरान जहां एक तरफ प्रदेश कि पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था बेहद बदहाली का शिकार थी, वही दूसरी तरफ शिक्षा क्षेत्र में सरकार की संवेदनहीनता के कारण प्रदेश में छात्र-छात्राओं की एक बड़ी आबादी पर शिक्षा क्षेत्र से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा हैं । श्री भनोत द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रेषित पत्र के माध्यम से सीएम राइज योजना की शुरुआत और मुख्यमंत्री के मंशा की प्रशंसा करते हुए बताया कि सीएम राइज की शुरुआत निश्चित रूप से गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों के बेसिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर एक अनुकरणीय कदम हैं, किन्तु शिक्षा विभाग और स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की मिलीभगत एवं पक्षपातपूर्ण रवैये के कारण इस महत्वाकांक्षी योजना में पलीता लगाया जा रहा हैं । इस योजना के माध्यम से ऐसे बच्चों को भी प्रवेश की पात्रता दी जा रही हैं जो आर्थिक रूप से मजबूत और सम्पन्न परिवारों से संबंध रखते हैं, जिसके कारण यह योजना अपने मूलभाव के लक्ष्यों को पूरा कर पाने में अक्षम दिख रहा हैं । श्री भनोत ने बताया कि इस योजना के माध्यम से उनके क्षेत्र के कुछ बेहद गरीब और आर्थिक तंगी झेल रहे परिवारों के बच्चों को प्रवेश हेतु अनुशंसा की गई थी, जिसमे कार्यवाही अपेक्षित हैं । श्री भनोत ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र के माध्यम से आग्रह किया कि सीएम राइ? योजना के माध्यम से गरीब, पिछड़े, दलित, आदिवासियों और समाज के वंचित छात्र-छात्राओं को शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और इस योजना का क्रियान्वयन सामरिक रूप से पारदर्शी एवं निष्पक्ष भी होना चाहिए ताकि इस योजना के मूल अवधारणा और संकल्पनाओं के निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जा सके ।

# पनागर में युवक ने चुन लिया मौत का रास्ता

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर के मोहनिया में एक युवक ने अपने घर में धोती से फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। परिजनों ने देखा तो उनकी चीखें निकल गयीं। जिसके बाद दरबाजे को सब्बल से तोड़कर कमरा खोला गया। बताया जाता है कि युवक पारिवारिक कारणों के चलते तनाव में था। जिसके बाद ही उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। वहीं, परिजनों की मानें तो युवक पेट दर्द से पीड़िता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार कृपाल सिंह ठाकुर 48 वर्ष निवासी ग्राम टिंकू मोहनिया ने पुलिस को बताया कि अपने घर में सो गया था । रात लगभग 10 बजे उसके चाचा का बेटा अज्जू ठाकुर ने आकर बताया कि राम ठाकुर ने अपने घर के कमरे में फांसी लगा ली है तो वह अज्जू ठाकुर ,पत्नी लक्ष्मी के साथ राम ठाकुर के घर गया। दरवाजा अंदर से बंद था, खिड़की से देखा तो राम ठाकुर 28 वर्ष छत के हुक में धोती से गले में फासी लगाकर लटका था। राम ठाकुर के पिता अंबिका ठाकुर, मां पप्पी बाई, ग्राम कोटवार सभी आये और सब्बल से दरवाजा तोड़कर अंदर जाकर देखा तो राम ठाकुर की मृत्यु हो चुकी थी । सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्गकायम कर जांच में लिया गया।

# 22से शुरू होगी जबलपुर से कोलकाता के लिए विमान सेवा



**जबलपुर यशभारत।** शहरवासियों को अब बहु प्रतीक्षित एक और मेट्रोपोलिटन सिटी कोलकाता के लिए हवाई सेवा उपलब्ध होने जा रही है।प्रतिदिन शुरू होने वाली विमान सेवा के तहत शाम7-15बजे विमान रवाना हो कर रात्रि9-15बजे कोलकाता पंहुचेगा।इसी कोलकाता से सुबह6-10बजे रवाना हो कर सुबह8-30बजे जबलपुर पहुंचेगा।

# बेटे से झगड़ा कर माता-पिता और बहू पर ईंट से हमला कर फोड़ दिया सिर

## रंजिशन दिया वारदात को अंजाम



**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट के पोलीपाथर में आपासी रंजिश के चलते दो आरोपियों ने ईंट से हमला कर दंपत्ति और एक महिला को बुरी तरह घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार लक्ष्मण कोरी 38 वर्ष निवासी बागड़ा दफाई पोलीपाथर ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे और गोलू पटैल के भाई का विवाद हो गया था इसी बात पर गोलू पटैल तथा मदन पासी उसके घर के सामने आकर उसे गाली गलौज करने लगे। उसने एवं उसके परिजनों ने गालियां देने से मना किया तो दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये ईंट से हमलाकर सिर लहूलुहान कर दिया तथा हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे, उसकी पत्नी एवं बहू उसे बचाने आयीं दोनों ने ईट से हमला कर उसकी पत्नि एवं बहु को घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए।

# ड्यूटी के दौरान सर्वर के माध्यम से रेलवे से जुड़े रहेंगे टिकट निरीक्षक

## बेहतर यात्री सेवाओं के लिए चल टिकट निरीक्षकों को मिलेंगे हैंड हैंडल टर्मिनस

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर रेल मंडल में चलने वाली यात्री गाड़ियों में ड्यूटी करने वाले चल टिकट निरीक्षकों को रेलवे द्वारा शीघ्र ही एचएचटी हैंड हैंडल टर्मिनस प्रदान किये जा रहे हैं। इस एचएचटी के द्वारा चल टिकट निरीक्षक ट्रेन में हमेशा रेलवे के सर्वर से इंटरनेट के माध्यम से जुड़े रहेंगे और ट्रेन में बर्थ के खाली होने अथवा आरएसी के क्लियर होने की निरंतर जानकारीयां यात्रियों को देते रहेंगे।**

इस संबंध में जबलपुर सहित भोपाल एवं कोटा मंडल के 30 टीटीई को जबलपुर मंडल में इस टर्मिनस की कार्यप्रणाली के बारे में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस मौके पर सेंटर फॉर इनफॉरमेशन सिस्टम क्रिस के सॉफ्टवेयर इंजीनियर किरण एवं सीनियर डीसीएम जबलपुर विश्वरंजन ने जानकारियां प्रदान की। प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों ने टिकिट निरीक्षकों को एचएचटी की कार्यप्रणाली तथा विशेषताओं के बारे में बताया और कहा कि इससे रेलवे के कार्य में काफी सुविधा मिलेगी तथा यात्रियों को भी आप ज्यादा अच्छी सेवा समय पर प्रदान करने में सक्षम होंगे। इस टर्मिनस के द्वारा चल टिकट निरीक्षक हमेशा रेलवे से जुड़े रहेंगे और उनकी तमाम गतिविधियां एवं यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी इस टेबलेट नुमा एचएचटी में प्राप्त होते रहेंगी। उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड द्वारा चल टिकट निरीक्षकों के कार्य में सुधार एवं यात्री सुविधाओं में वृद्धि के लिए नए सॉफ्टवेयर के साथ एचएचटी प्रदान किए जा रहे हैं, जिसके तहत जबलपुर मंडल को भी लगभग 350 एचएचटी प्राप्त हुए हैं, जो कि मंडल के टिकट निरीक्षकों को क्रमशः प्रदान किए जाएंगे। इस नई डिवाइस की कार्यप्रणाली के लिए आयोजित इस शिविर में टिकिट निरीक्षकों की शंकाओं का निराकरण करते हुए इसकी खूबियों एवम उपयोगिता की जानकारी प्रदान की गई।

## जानकारियों से अवगत कराने जबलपुर रेल मंडल ने कर्मचारियों को दी ट्रेनिंग




**यदि आप नौकरी पाना चाहते हैं**

अपने कौशल के साथ दिये गये मोबाइल नंबर पर संपर्क करें
**9009985689, 9131406684**
योग्यता कम से कम 12 वीं पास उम्र 18 से 27 वर्ष

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं की मैं समीर कुमार वर्मा पिता सुख लाल वर्मा पता 2568/B न्यू कंचनपुर निर्मलचंद वार्ड अधारताल जिला जबलपुर की निवासी हूँ ! मेरे पासपोर्ट क्रमांक J9953257 में मेरे पिता का नाम SUKK LAL VARMA दर्ज हैं जो की गलत नाम हैं ! मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम SUKHLAL VARMA दर्ज की सही नाम हैं ! अत:आज दिनांक मेरे पिता का नाम SUKHLAL VARMA नाम पढ़ा एवं लिखा जावें !
सही नाम - SUKHLAL VARMA
गलत नाम - SUKK LAL VARMA

# कोतवाली में सीसीटीव्ही फुटेज देखकर पकड़ा गया चोर

## नाबालिग ने बताया- उसे नशे की लत, 3 लोग करवाते है चोरी

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली में इनदिनों हो रहीं चोरियों के बाद रहवासियों का जीना मुहाल है। जिसकी एक बानगी उस वक्त सामने आई जब एक दूध वाले के 11 हजार रुपये कीमती दो कैन चोरी हो गए। जिसके बाद रहवासियों ने सीसीटीव्ही फुटेज खंगालते हुए एक नाबालिग को दबोच लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ा गया नाबालिग नशे का आदि है और उससे यह चोरियां तीन लोग करवा रहे है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार अतुल यादव 28 साल निवासी साठिया कुंआ ने कोतवाली थाने में रिपार्ट दर्ज की कि उसके 11 हजार रुपए के दूध के कैन कोई अज्ञात चोर ले गया। जिसके बाद सीसीटीव्ही फुटेज में एक नाबालिग चोरी करते हुए देखा गया। बाद में उसे रहवासियों ने दबोचा लिया। अतुल ने बताया कि नाबालिग तीन लोगों का नाम बता रहा है और वह नशे का आदी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रुट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →रोस्टेट ड्राई फ्रूड →बकेट टोस्ट →केला जिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेज →बिस्केट →फुल्की →रोस्टेट पीनट
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

THE BEST CREATIVE LEARNING SCHOOL OF JABALPUR
GOLDEN STAR
A MONTESSORI SCHOOL
Play Nursery | Nursery | KG I KG II | 1st to Vth
CBSE PATTERN OF STUDY
For Details Call:
9981997833 , 9981997834
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
ADMISSION OPEN 2022-23
81,Ashok Nagar,In front of Jain Mandir,Adhartal,Jabalpur(M.P.)
Ph.No.:0761-4115332,E-mail:goldnstar81gs@gmail.com

R.O. WATER बर्फ से निर्मित
आईस बर्फ गोला
नीबू सोडा, शिकंजी, मसाला छाछ, लस्सी, आईसक्रीम, कोल्ड काफी, मिल्क शेक
सांची कूल जोंन
एकता चौक विजय नगर,मो. 7974758785

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS OF EXPERT HEALTHCARE
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
Emergency No. 95758 01020
www.shalby.org

# हम मैया का अपमान सहन नहीं करेंगे -सीएम शिवराज सिंह

## TMC सांसद महुआ मोइत्रा पर FIR

**भोपाल ( यश भारत )।** मां काली का विवादास्पद पोस्टर के मामले में मध्य प्रदेश पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कार्रवाई की है। भोपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सांसद के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने का आपराधिक मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महुआ मोइत्रा के बयान से हिंदूओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है, हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा हम किसी के विरोधी नहीं हैं। किसी भी धर्म की भावनाओं को आहत नहीं किया जाना चाहिए। मां काली के अपमान पर सांसद के खिलाफ मध्य प्रदेश में एफआइआर हो गई है। हमने साफ कर दिया है कि हम नहीं छोड़ेंगे। मैया का अपमान सहन नहीं करेंगे। सांसद महुआ मोइत्रा ने एक टीवी कार्यक्रम में चर्चा करते हुए हिंदू देवी काली को लेकर



अशोभनीय टिप्पणी की थी। जिसने हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत किया। क्राइम ब्रांच के मुताबिक जहांगीराबाद (भोपाल) निवासी रामचंद्र पिता भगवान दास ने क्राइम ब्रांच में लिखित शिकायत कर बताया कि वह देवी मां काली के भक्त हैं। बुधवार को उन्होंने अपने मोबाइल पर देखा एक टीवी कान्क्लेव 2022 में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने मां काली को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की है। इससे मेरी और मां की भक्ति करने वाले लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इस शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने आइपीसी की धारा 295 ए में महुआ मोइत्रा के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। मप्र पुलिस ने मोइत्रा के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया लेकिन वह सांसद महुआ की गिरफ्तारी के लिए तत्परता दिखाते हुए कब बंगाल जाएगी, इसका जवाब पुलिस नहीं दे रही है। जबकि छत्तीसगढ़ पुलिस ने राहुल गांधी के खिलाफ झूठा टवीट करने पर टीवी एंकर रोहित रंजन के खिलाफ एफआइआर भी की और तत्काल उसकी गिरफ्तारी के लिए गाजियाबाद भी पहुंच गई। क्या कहती है आइपीसी की धारा-295 (ए) कोई व्यक्ति समाज के किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करता है या उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य करता है। इससे संबंधित कुछ बयान देता है। इस धारा में दो साल की सजा या जुर्माना का प्रविधान है।

# सारे विद्यार्थी बहुसंख्यक फिर भी खुद को बताते हैं अल्पसंख्यक

### प्रदेश के 777, भोपाल के 76 निजी स्कूलों ने अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र जमा कर आरटीई के दायरे से खुद को किया बाहर




**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश के 777 और राजधानी के 76 निजी स्कूलों ने अपने आप को अल्पसंख्यक घोषित किया है, इसके साथ ही यह शिक्षा के अधिकार की प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं। यह स्थिति तब है जबकि इन स्कूलों में अधिकांश विद्यार्थी बहुसंख्यक ही अध्ययन कर रहे हैं। नियमों की इस विसंगित पर मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सवाल उठाया है। आयोग ने स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर मामले में आरटीई नियमों में संशोधन करने अनुशंसा की है।

प्रदेश के कई स्कूल जिनमें अधिकांश बड़े -बड़े स्कूल शामिल हैं, अल्पसंख्यक संस्था होने का हवाला देकर शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के दायरे से बच निकलते हैं। इसके लिए वे राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग नई दिल्ली या जनजातीय कार्य विभाग से जारी प्रमाणपत्र जमा कर अपने संस्था को अल्पसंख्यक बताते हैं। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत इस वर्ष प्रदेश के 26 हजार 340 निजी स्कूलों में दो लाख 74 हजार सीटों के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए दो लाख 308 आवेदन आए हैं। वहीं अब तक एक लाख 53 हजार 220 सत्यापन हुए हैं, यानि 76 प्रतिशत आवेदकों का सत्यापन हो पाया है। दस्तावेजों के सत्यापन नौ जुलाई तक होंगे। 14 जुलाई को आनलाइन लाटरी के माध्यम से सीटों का आवंटन कर प्रवेश दिया जाएगा।

#### आयोग ने यह अनुशंसा की

मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने पत्र में लिखा है कि इस वर्ष आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आयोग ने लिखा है कि कई बड़े निजी स्कूल अपनी प्रबंधन समिति में अल्पसंख्यक सदस्यों की संख्या बताकर हर साल आरटीई के दायरे से बाहर हो जाते हैं। इससे कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला नहीं मिल पाता। आयोग ने मंत्री से अनुशंसा कि है कि इन बच्चों के हित को देखते हुए सरकार ऐसा नियम बनाए जिससे आरटीई के दायरे से कोई भी स्कूल केवल कमेटी के सदस्यों की संख्या के आधार पर बच न सके।

#### यह है आरटीई में प्रविधान

आरटीई के तहत अल्पसंख्यक स्कूल आरटीई के दायरे में नहीं आते। यह छूट संविधान की धारा-29, 30 के तहत दी जाती है।

#### हर साल बढ़ रही अल्पसंख्यक स्कूलों की संख्या

राज्य शिक्षा केंद्र के अधिकारियों का कहना है कि हर साल अल्पसंख्यक स्कूलों की संख्या बढ़ती जा रही है। पांच साल पहले तक 400 से 500 तक अल्पसंख्यक स्कूल थे। इस साल 700 तक का आंकड़ा पहुंच गया है। निजी स्कूल अपने प्रबंधन समिति में अल्पसंख्यक सदस्यों की संख्या बढ़ा रहे हैं, जबकि निजी स्कूलों में 50 प्रतिशत अल्पसंख्यक बच्चों का प्रवेश होना चाहिए। तब वे आरटीई के दायरे से बाहर होंगे।

#### प्रदेश के 1508 निजी स्कूल बंद हो गए

कोविड काल में प्रदेश के 1508 निजी स्कूल बंद होने से आरटीई के तहत प्रवेशित 12 हजार 195 बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए हैं। साथ ही इन स्कूलों की सीटें इस वर्ष आरटीई प्रवेश प्रक्रिया में शामिल नहीं है।

# यूजी सीएलसी के तीसरे चरण में 39 हजार से अधिक पंजीयन



### साढ़े पांच लाख से ज्यादा सीटें खाली

### प्रदेश के 1321 कालेजों के लिए 11 जुलाई को सीएलसी के तीसरे चरण में यूजी की मेरिट लिस्ट होगी जारी

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश के सरकारी और निजी 1321 कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया अभी जारी है। इसके तहत बुधवार को कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) के तीसरे चरण में प्रवेश लेने वालों के साथ ही नए पंजीयन की संख्या में इजाफा हुआ है। बुधवार तक यूजी में 39 हजार 708 नए आवेदकों ने पंजीयन कराया है। वहीं अब तक एक लाख 10 हजार 16 ने कालेजों का विकल्प भी दिया है। इसके साथ ही 28 हजार 917 विद्यार्थियों ने दस्तावेजों का सत्यापन कराया है। यूजी और पीजी को मिलाकर अब तक कुल दो लाख 60 हजार प्रवेश हुए हैं। प्रदेश के कालेजों में यूजी व पीजी में लगभग आठ लाख सीटें हैं। इनमें से करीब साढ़े पांच लाख सीटें अब भी खाली हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार सीएलसी के तीसरे चरण में स्नातक स्तर पर दस्तावेजों के लिए आनलाइन पंजीयन बुधवार तक होना था। दस्तावेजों के सत्यापन की तिथि 10 जुलाई तक है। इसके बाद तीसरे चरण में किए गए पंजीयन और अपग्रेडेशन के विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। 11 जुलाई को सीएलसी के तीसरे चरण में यूजी की यह मेरिट सूची जारी की जाएगी।

#### पीजी में 17 हजार ने कराया पंजीयन

पीजी के सीएलसी के तीसरे चरण में 17 हजार 46 आवेदकों ने पंजीयन कराए हैं। अब तक 49 हजार 217 ने कालेज का विकल्प दिया है। 9271 आवेदकों ने दस्तावेजों का सत्यापन कराया है। तीसरे चरण में पीजी स्तर पर आवंटित कालेज के लिए आनलाइन प्रवेश शुल्क 11 से 13 जुलाई के बीच जमा होगा। पीजी के दूसरे चरण में 25 हजार 125 पंजीयन हुए थे। इनमें से 1599 के लगभग प्रवेश हुए हैं। पीजी में अब तक करीब 50 हजार से अधिक प्रवेश हुए हैं, जबकि डेढ़ लाख के करीब सीटें खाली हैं।

# हाथी रामबहादुर अब पर्यटकों को नहीं घुमाएगा

**भोपाल ( यश भारत )।** अपने ही महावत बुधराम रोतिया को कुचलकर मारने वाले हाथी रामबहादुर को अब न नियमित गश्त में लगाया जाएगा और न ही उनकी पीठ पर बैठाकर पर्यटकों को सैर कराई जाएगी। वन्यप्राणी मुख्यालय ने उसे अब जंजीरों से बांधकर रखे जाने का निर्देश दिया है। इस हाथी ने अगस्त 2020 में हिनौता वनपरिक्षेत्र के रेंजर बीआर भगत को टाइगर ट्रेकिंग के दौर सूंड से पकड़कर पटका और पैर से कुचल दिया था। तब बताया गया था कि उसने मदमस्त होकर इस घटना को अंजाम दिया है। उधर, कान्हा टाइगर रिजर्व के घोरेला बाड़े में कैद बाघिन सुंदरी को वन विहार लाने के आदेश जारी हो गए हैं। वन विहार प्रबंधन बाघिन को लाने की तैयारी कर रहा है। रामबहादुर ने तीन दिन पहले जिस महावत को मारा है, वह 20 साल से उसकी सेवा कर रहा था। वह हाथी को नहलाने, खाना खिलाने सहित बीमार होने पर इलाज के समय डाक्टर एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग करता था। अब बच्चे की तरह पालने वाले महावत को ही जब हाथी ने पैरों से कुचलकर मार दिया, तो वन्यप्राणी मुख्यालय ने उसे जंजीरों में बांधकर रखने का निर्णय ले लिया। माना जा रहा है कि हाथी अब दूसरों के लिए भी खतरा बन सकता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 की घटना के बाद कुछ महीने हाथी को अलग रखा गया था। जब वह सामान्य हुआ, तो उसे नियमित गश्त में फिर से लगा दिया गया।



#### इसी हफ्ते लाई जा सकती है बाघिन

कान्हा टाइगर रिजर्व के घोरेला बाड़े में लंबे समय से कैद बाघिन सुंदरी अब वन विहार में पर्यटकों को आकर्षित करेगी। वन्यप्राणी मुख्यालय ने बाघिन को कान्हा से वन विहार शिफ्ट करने की अनुमति दे दी है। अब शिफ्टिंग की औपचारिकताएं पूरी होते ही बाघिन को भोपाल लाया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि बाघिन को इसी हफ्ते भोपाल लाई जा सकती है।

**हाथी को अब अलग रखा जाएगा। ताकि वह किसी और को कोई नुकसान न पहुंचा सके। वहीं बाघिन को कान्हा से शिफ्ट करने का आदेश जारी कर दिया है। जल्द ही बाघिन वन विहार लाई जाएगी।**
**जेएस चौहान, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक**


# परेशानी से बचने आज शाम से लाल परेड मैदान की तरफ जाने से बचें

**भोपाल ( यश भारत )।** नगरीय निकाय चुनाव में मतदान के बाद बुधवार शाम पांच बजे से मतदान दल मतपेटियों के साथ वापस लाल परेड मैदान लौटने लगेंगे। पुलिस ने ट्रैफिक का दबाव बढ़ने की आशंका से लाल परेड के आसपास के कुछ मार्ग बुधवार शाम पांच बजे से परिवर्तित किए हैं। जनसुविधा के लिए यातायात व्यवस्था में आवश्यकतानुसार इस तरह की व्यवस्था रहेगी। डीबी सिटी तिराहे से जेल मुख्यालय रोटरी होकर कंट्रोल रूम तिराहे की ओर जाने वाला सामान्य यातायात (जीप/कार) डीबी सिटी तिराहे से मैदा मिल, जिंसी धर्मकांटा होकर पुराने भोपाल की ओर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। इसी तरह से पुलिस मुख्यालय तिराहे से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम होकर गांधी पार्क तिराहा, रोशनपुरा की ओर सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह पुराना मछलीघर तिराहे से गांधीपार्क तिराहे की ओर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। रोशनपुरा से भारत टाकीज की ओर जाने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन बाणगंगा, मछलीघर, खटलापुरा, पीएचक्यू तिराहा, लिली टाकीज होते हुये भारत टाकीज की ओर जा सकेंगे।

# फिर दिए जाएंगे रुस्तम जी पुरस्कार

### कम मतदान को लेकर कहा कि इसकी समीक्षा की जाएगी : गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा

भोपाल, यशभारत। नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवानों को दिये जाने वाला रुस्तम जी पुरस्कार फिर से प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार दो साल से बंद था। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि सरकार ने फिर से यह पुरस्कार दिए जाने का निर्णय लिया है, जिसमें, 5 लाख रुपए से 50 हजार रुपए तक का पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा, अभी 61 पुलिसकर्मियों को यह पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 140 नए मामले सामने आए हैं। 113 ठीक हुए हैं। अब एक्टिव केस की संख्या 788 बची है। उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण के मतदान में कम मतदान को लेकर कहा कि इसकी समीक्षा की जाएगी। गृहमंत्री ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के बारे में कहा कि भाजपा को उनकी पूजा से कोई आपत्ति नहीं है, पर सवाल यह है कि वह चुनाव के समय ही पूजा क्यों करते हैं,उनकी पार्टी के नेता इच्छाधारी हिंदू हैं। फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई पर उन्होंने कहा कि लुक आउट नोटिस जारी करने के लिए वे केंद्र सरकार को पत्र लिखने जा रहे हैं क्योंकि अब वह जो कर रही हैं वह जानबूझकर कर रही हैं, ट्विटर को भी पत्र लिख रहे हैं, जो धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले चित्र हैं पोस्ट हैं इनपर निगरानी की जाए और इसे रोका जाए। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के आरोपों पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब हारती है तो यही कहते हैं, शराब बंटी, ईवीएम में गड़बड़ी जैसे तमाम आरोप लगाते हैं, यह इनकी हार से पहले की बौखलाहट है। ईवीएम सुरक्षित है। वह बताएं किस तरह की सुरक्षा चाहते हैं,नाम कटने की जानकारी ले रहे हैं।



# गृहमंत्री ट्विटर को लिख रहे पत्र, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ट्वीट रोकें

**भोपाल ( यश भारत )।** मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि वे ट्विटर को पत्र लिखकर धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ट्वीट अपने स्तर पर रोकने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले ट्वीट, कुछ विकृत मानसिकता के लोग जो ट्वीट करते हैं। जैसा काली फिल्म की डायरेक्टर लीना मणिमेकलाई जैसी विकृत मानसिकता वाले लोगों की ऐसी पोस्टों को रोकने के लिए प्रयास करें, जो लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार को पत्र लिखकर काली फिल्म की डायरेक्टर लीना मणिमेकलाई लुक आउट सर्कुलर जारी करने के लिए अनुरोध कर रहे हैं।

# वीवीपैट नहीं होने पर चुनाव निरस्त करने की मांग

**भोपाल ( यश भारत )।** । नगर निगम चुनाव 2022 में ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल नहीं होने पर आम आदमी पार्टी ने चुनाव निरस्त करने की मांग की है। इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह से की गई है। आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप खंडेलवाल ने बताया कि बीते सालों में जिस प्रकार ईवीएम मशीनों में छेड़छाड़ हो रही है, ऐसे में निष्पक्ष मतदान की गुंजाइश कम है। इसीलिए बीते सालों में निर्वाचन आयोग ने चुनाव में पारदर्शिता लाने के निए ईवीएम के साथ वीवी पैट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। वहीं दूसरी समस्या लोगों का मतदाता पर्ची नहीं होने पर हुई। लोग मतदान के लिए बूथों में अपना नाम खोजते रहे, लेकिन उनके नाम मतदाता पर्चियां गायब थी। ऐसे में मतदाताओं को वोट डालने के लिए घंटो परेशान होना पड़ा। वहीं वार्ड क्रमांक 79, 74 और 28 में हजारों मतदाताओं ने पर्ची नहीं मिलने की वजह से वोट नहीं डाले। खंडेलवाल ने मतदाताओं की इन समस्याओं को लेकर निर्वाचन आयोग से चुनाव निरस्त करने की मांग की है।

#### मतदाता को मिलती पर्ची तो बंपर होती वोटिंग

वार्ड 52 में रहने वाले रामबाबू रैकवार ने बताया कि मतदाताओं को उनकी मतदाता पर्ची नहीं मिल पाई, जिससे मतदान का प्रतिशत कम रहा। वार्ड 52 के सुरेंद्र होम्स और पल्लवी नगर के रहवासियों के लिए ओरियन और सेवियर स्कूल में मतदान केंद्र बनाए गए थे। लेकिन मतदाता वहां पहुंचे तो उनके नाम की पर्चियां नही मिली। जबकि घरा आकर रैकवार ने देखा तो जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उनका नाम दिख रहा था। यही हाल अन्य मतदाताओं के साथ हुआ, जिससे वो मतदान में शामिल नहीं हो पाए।

# एसयूवी में सवार भाजपा नेताओं पर निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों ने किया हमला



**भोपाल ( यश भारत )।** हबीबगंज इलाके में बुधवार दोपहर साढ़े चार बजे के करीब एसयूवी में सवार भाजपा के नेताओं पर वार्ड 45 की प्रत्याशी के पति समेत उनके समर्थकों ने हमला कर दिया। इस हमले में भाजपा नेताओं से मारपीट की गई। उनकी कार में जमकर तोड़फोड़ कर तलवारें लहराई गई। घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर में धरना-प्रर्दशन किया। बाद में पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया। हबीबगंज पुलिस के मुताबिक शैतान सिंह चौराहा शाहपुरा निवासी धमेंद्र सिंह पाल भाजपा के अरेरा मंडल के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने हबीबगंज थाने में शिकायत कर बताया कि वे बुधवार को पूर्व जिला महामंत्री सुनील पांडे, साथी तजिंदर सिंह के साथ भीम दुबे की एसयूवी से धूम रहे थे। दोपहर करीब साढ़े चार बजे अपने साथियों के साथ वे शासकीय आयुर्वेदिक अस्पताल छह नंबर गए थे। वहां से निकलते वक्त वे अंकुर स्कूल के पीछे से पारूल अस्पताल जा रहे थे। बाहर निकलते ही वार्ड 45 से निर्दलीय प्रत्याशी के पति मोनू गोयल व असलम ने चुनावी रंजिश रखते हुए हमला कर दिया। उन्होंने असामाजिक तत्वों की मदद से सुनील पांडे जिस कार में सवार से, उस पर तलवार और पत्थर से हमला कर दिया। कार में जमकर तोड़फोड़ कर दी। बाद में गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। बाद में आरोपित फरार हो गए। भाजपा नेताओं पर हमले की जानकारी लगने के बाद सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हबीबगंज थाने पहुंचे और धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया।

# पुराना भुगतान नहीं होने से एजेंसी ने हमीदिया अस्पताल में फर्नीचर की आपूर्ति रोकी

**भोपाल ( यश भारत )।** हमीदिया अस्पताल के नए भवन के ब्लाक-ए को शुरू करने में बड़ी अड़चन सामने आई है। अधिकारी इस अस्पताल को अगस्त में शुरू करने का दावा कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि अस्पताल फर्नीचर की आपूर्ति ही रोक दी गई है। इसके लिए जिस एजेंसी से अनुबंध किया गया था, उसका एक खेप में की गई आपूर्ति की चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की तरफ से भुगतान ही नहीं किया गया है। इस कारण एजेंसी ने आगे की आपूर्ति रोक दी है। एजेंसी से मरीजों के बिस्तर, डाक्टर-नर्स के बैठने के फर्नीचर और बिस्तर के बगल में रखी जानी वाली मरीजों की साइड टेबल व अन्य उपकरणों की आपूर्ति करने के लिए के लिए अनुबंध किया गया था। ऐसे में अगस्त में भी यह अस्पताल शुरू होने के आसार नहीं हैं। बता दें कि संभागायुक्त गुलशन बामरा ने सोमवार को अस्पताल का दौरा कर सिविल कार्य जल्द पूरा करने और फर्नीचर की आपूर्ति शीघ्र करने के निर्देश निर्माण एजेंसी पीआइयू के अधिकारियों को दिए थे। पीआइयू के अधिकारियों ने बताया कि हास्पिटल ब्लाक-ए और ब्लाक-बी में कुल 1498 बिस्तर हैं। ब्लाक-बी शुरू हो गया है, लेकिन यहां अभी नए पलंग नहीं हैं। इनमें करीब 25 प्रतिशत पलंग की ही आपूर्ति अभी एजेंसी से हो पाई है। भुगतान होने के बाद ही बाकी फर्नीचर आने की उम्मीद है।

#### सुल्तानिया अस्पताल की शिफ्टिंग भी अटकी

सुल्तानिया अस्पताल को ब्लाक बी में शिफ्ट किया जाना है, लेकिन अभी तक ओटी ही तैयार नहीं हो पाया है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने जुलाई में शिफ्टिंग की समय सीमा तय की थी, पर अभी ओटी ही तैयार नहीं हो पाए हैं। बड़ी वजह यह की ओटी लाइट ही नहीं हैं।

#### सिविल कार्य 31 जुलाई तक पूरा करना होगा

ब्लाक-ए में करीब एक प्रतिशत सिविल कार्य भी अभी बाकी है। कुछ जगह कांच लगाए जाने हैं। इसके अलावा लाल भवन के पास सीढ़ियां बनाई गई हैं। यहां भी अभी फिनिशिंग का काम बाकी है। अस्पताल का निर्माण करने वाली कंपनी क्यूब कंस्ट्रक्शन का करीब ढाई करोड़ रुपये बकाया है। इस कारण एजेंसी ने काम की गति धीमी कर दी है। हालांकि निर्माण एजेंसी पीआइयू के अधिकारियों ने कहा कि 31 जुलाई तक भवन का काम पूरा कर इसे चिकित्सा शिक्षा विभाग का हस्तांतरित कर दिया जाएगा।



कमल नाथ के अधिकारियों को धमकाने पर शिवराज बोले-रस्सी जल गई पर बल नहीं गया

प्रथम तल-- रेडियोडायग्नोसिस विभाग का स्टाफ, टीचिंग स्टाफ, ब्लड बैंक, रिकार्ड रूम, नमूना संग्रहण की सुविधा।

द्वितीय तल-- छह माड्यूलटर ओटी जिनमें दो सर्जरी, एक ईएनटी और तीन आर्थो की। गैर माड्युलर ओटी छह जिनमें चार सर्जरी, एक ईएनटी और एक आर्थो की।

तृतीय तल--मेडिसिन विभाग के तीन आइसीयू और एक-एक आइसीयू सर्जरी का।

चतुर्थ तल से लेकर 11वें तल तक -- सर्जरी, मेडिसिन, अस्थि रोग विभाग, चर्म रोग विभाग, स्पोर्ट मेडिसिन और बुजुर्गों के लिए ओटी वार्ड एवं आइसीयू होंगे। फर्नीचर को भुगतान जीएमसी से नहीं होना है, इसलिए मुझे जानकारी नहीं है। भवन 31 जुलाई तक पूरा करने की समय सीमा पीआइयू को दी गई है। कोशिश है कि जल्दी अस्पताल शुरू हो जाए।
- डा. अरविंद राय, डीन, जीएमसी भोपाल



## सिहोरा नगरीय निकाय चुनाव में मतदान शांतिपूर्ण सपन्न

# प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद

**सिहोरा, यशभारत। सिहोरा नगर पालिका के 18 वार्डो में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्नहुआ शाम 5 बजे तक 73.79 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनावी रण में किस्मत अजमा रहे 80 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद कर दिया।**



**17 जुलाई को होगी मतगणना**

## शाम 5 बजे तक 73.79 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

ऊंट किस करवट बैठेगा इसका फैसला तो आगामी 17 जुलाई को मतगणना के उपरांत होगा लेकिन समर्थकों एवं प्रत्याशियों द्वारा जीत हार के दावे एवं कयासों का दौर लगातार जारी रहा।

प्रथम चरण में आज नगर पालिका परिषद सिहोरा में प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक मतदान हुए। हांलाकि जो मतदाता 5 बजे से पहले ही मतदान केन्द्रों पर पहुंच चुके थे, उन्हें 5 बजे के बाद भी वोट देने दिया गया। नगरीय निकायों के मतदान ईवीएम मशीन से सम्पन्न कराए गए।

### 5 बजे तक की वोटिंग रिपोर्ट

सिहोरा में शाम 5 बजे तक 73.79 प्रतिशत मतदान हुआ। सिहोरा के कुल 33800 मतदाताओं में 13093 पुरुष एवं 11910 महिला कुल 25003 मतदाताओं ने मतदान किया

मतदान की गति रही धीमी

मतदान का शुभारंभ ही मंद गति से हुआ नगर के अधिकांश बूथ प्रात: 10 बजे तक रफ्तार नहीं पकड़ पाए थे हालांकि 10 बजे के बाद मतदान केंद्रों में अचानक भीड़ उमड़ी एवं लोग नगर सरकार के गठन के लिए मतदान के लिए उत्सुक नजर आए। वार्ड नंबर 7 में 103 वर्षीय वृद्ध तथा अन्य वार्ड में दिव्यांगों ने भी मतदान में हिस्सा लिया

### आव्जर्वर ने लिया मतदान केन्द्रों का जायजा

प्रथम चरण में नगर पालिका परिषद सिहोरा के सभी वार्डों में पार्षद पद के लिए मतदान किया गया। चुनाव प्रेक्षक एंव निर्वाचन अधिकारी ने निरंतर मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सभी मतदान केन्द्रों पर चल रहे मतदान की कार्यवाही का जायजा लिया।



### 80 उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव

नगर पालिका परिषद सिहोरा के सभी 18 वार्डों से पार्षद पद के लिए 80 उम्मीदवारों ने चुनाव लडा। प्रथम चरण में नगर पालिका परिषद सिहोरा के 18 वार्डों में चुनाव के लिए 42 मतदान केन्द्र बनाए गए। इन मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए मतदान दल ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराया बनाए गए।

### सर्वाधिक वार्ड नंबर 15 एवं सबसे कम वार्ड नंबर 11 में हुआ मतदान

नगर के वार्ड नंबर 15 में कुल 1645 मतदाताओं में से 1331 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया जो लगभग 80.92 प्रतिशत है इसी प्रकार वार्ड नंबर 12 के 2081 मतदाताओं मैं से कुल 1287 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया जो कुल 62 प्रतिशत है। इसी तरह एसडीएम आशीष पांडे ने परिवार के साथ वार्ड नम्बर 11 में मतदान किया ।

### मतदान पर्ची वितरण को लेकर बनी विवाद की स्थिति

क्षेत्रीय विधायक नंदनी मरावी एवं पूर्व विधायक दिलीप दुबे ने अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा से लिखित शिकायत की है कि अनेक वार्डो में मतदाता पर्चीओं का वितरण नहीं किए जाने के कारण मतदाताओं को अनावश्यक परेशान होना पड़ा है कई केंद्रों में तो मतदान की मंद गति का कारण ही मतदान पर्ची रही है वहीं अनेक मतदाताओं ने शिकायत की है कि मतदाता सूची में भी अनियमितता पाई गई है एक ही घर में रहने वाले पति एवं पत्नि का नाम अलग-अलग वार्ड में त्रुटि बस दर्ज होने के कारण मतदाता एक बूथ से दूसरे बूथ परेशान होते रहे। इसी तरह परिवार के बहुत से लोगो की या तो बोट ही नही थी या तो दुसरे दुसरे वार्ड की मतदाता सूची में थी इसी कारण बहुत से लोग मतदान से वंचित हो गये ।

# रेलवे में बिना एग्जाम होगा सिलेक्शन

**12वीं पास कैंडिडेट्स एक अगस्त तक कर सकते हैं अप्लाई**



**जबलपुर,यशभारत।** भारतीय रेलवे में नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। रेलवे ने अप्रेंटिस के 1659 पदों पर बंपर भर्ती निकली है। इसके लिए 24 साल तक की उम्र के 12वीं पास उम्मीदवार रेलवे की ऑफिशियल वेबसाइट ह्ह्ष्श्चह्4द्ध.शह्द पर जाकर 1 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रेलवे द्वारा निकली गई भर्ती में उम्मीदवारों का सिलेक्शन बिना परीक्षा के सीधे 12वीं के नंबर के आधार पर किया जाएगा।

### ये रहेगी योग्यता

छात्रों ने 10वीं या 12वीं 50 त्न अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो।
मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में ढ्ढञ्जढ्ढ कोर्स पास होना चाहिए।
न्यूनतम आयु 15 वर्ष है। ऊपरी आयु सीमा 24 वर्ष है। आयु की गणना का आधार 1 मई, 2022 रखा गया है।
रिजर्व कैटेगरी में अधिकतम उम्र सीमा में ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी को 3 वर्ष और एससी व एसटी वर्ग के अभ्यर्थी को 5 वर्ष की छूट दी गई है।
मैट्रिक और आईटीआई दोनों पाठ्यक्रमों में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त प्रतिशत अंकों का औसत लेकर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।

### ऐसे करें अप्लाई

पहले आधिकारिक वेबसाइट rrcpryj.org पर जाएं।
होमपेज पर नोटिफिकेशन बॉक्स में जाकर RRC/NCR/01/2022 For the slot of 2022-2023 लिंक पर क्लिक करें।
आपके सामने आवेदन फॉर्म खुल जाएगा, यहां रजिस्ट्रेशन करें।
आपके मोबाइल फोन पर पंजीकरण संख्या और पासवर्ड आ जाएगा।
अब पंजीकरण फॉर्म पूरा भरें, यहां मांगे गए सभी दस्तावेज स्कैन कर अपलोड करें।इसके बाद आवेदन शुल्क का भुगतान कर फॉर्म सबमिट करें।

# जिले में नगरीय निकाय चुनाव में शाम 5 बजे तक 72.84 प्रतिशत मतदान



नरसिंहपुर यभाप्र। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 के अंतर्गत जिले में शाम 5 बजे तक 72.84 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। जिले के 8 नगरीय निकायों में कुल एक लाख 84 हजार 27 मतदाताओं में से शाम 5 बजे तक एक लाख 34 हजार 46 मतदाता वोट डाल चुके थे। शाम 5 बजे तक नगरीय निकाय नरसिंहपुर में कुल 51 हजार 987 मतदाताओं में से 36 हजार 173 मतदाता अर्थात 69.58 प्रतिशत मतदाता, नगरीय निकाय गोटेगांव में कुल 22 हजार 786 मतदाताओं में से 16 हजार 766 मतदाता अर्थात 73.58 प्रतिशत मतदाता, नगरीय निकाय करेली में कुल 25 हजार 471 मतदाताओं में से 18 हजार 25 मतदाता अर्थात 70.76 प्रतिशत मतदाता, नगरीय निकाय गाडरवारा में कुल 41 हजार 640 मतदाताओं में से 29 हजार 640 मतदाता अर्थात 71.18 प्रतिशत मतदाता, नगरीय निकाय तेंदूखेड़ा में कुल 10 हजार 521 मतदाताओं में से 8 हजार 596 मतदाता अर्थात 81.70 प्रतिशत मतदाता, नगरीय निकाय चीचली में कुल 11 हजार 729 मतदाताओं में से 9 हजार 555 मतदाता अर्थात 81.46 प्रतिशत मतदाता, नगरीय निकाय सांईखेड़ा में कुल 9 हजार 341 मतदाताओं में से 6 हजार 998 मतदाता अर्थात 74.91 प्रतिशत मतदाता और नगरीय निकाय सालीचौका में कुल 10 हजार 552 मतदाताओं में से 8 हजार 293 मतदाता अर्थात 78.59 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे।

### मतदान दलों की हुई सकुशल वापसी

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 के लिए जिले के 8 नगरीय निकायों में 253 मतदान केन्द्र बनाये गये थे। 5 जुलाई को मतदान दल अपने- अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुये थे। 6 जुलाई को मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के बाद मतदान सामग्री वापस जमा करने अपने- अपने नगरीय निकाय में सकुशल पहुंचे।

### कलेक्टर और एसपी ने किया नगरीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण

जिले में नगरीय निकायों के आम चुनाव में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। मतदाताओं ने पार्षद पद के लिए वोट डाले। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए थे। मतदान के लिए सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। कलेक्टर रोहित सिंह और पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव ने जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने नगरीय निकाय नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, सांईखेड़ा एवं सालीचौका बाबईकलां के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने आदर्श मतदान केन्द्रों एवं पिंक बूथों का भी मुआयना किया। अधिकारीद्वय ने इन मतदान केन्द्रों पर की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से मतदान प्रक्रिया एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मतदाताओं से चर्चा की। कलेक्टर एवं एसपी ने शासकीय कन्या माध्यमिक शाला करेली बस्ती, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली पिंक बूथ एवं आदर्श मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने मतदान दल के सदस्यों से चर्चा की एवं मतदान की जानकारी ली। कलेक्टर एवं एसपी ने गाडरवारा के अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, स्टेशन प्राथमिक शाला भवन क्रमांक एक एवं दो और शासकीय महाविद्यालय सांईखेड़ा में बनाये गये मतदान केन्द्रों समेत जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केन्द्रों का संयुक्त भ्रमण किया और मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। साथ ही मतदान केन्द्रों की व्यवस्थायें देखी। भ्रमण के दौरान संबंधित एसडीएम रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे।

### शांतिपूर्वक मतदान के लिए कलेक्टर ने किया आभार व्यक्त


कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित सिंह ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 की मतदान प्रक्रिया को जिले में निर्विघ्न, निर्विवाद, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन प्रेक्षक, मतदाताओं, राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं उनके एजेंटों, पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव, सीईओ जिला पंचायत, एडीएम, एडीएसपी, सभी एसडीएम, एसडीओपी, जिलाधिकारी, आरओ एआरओ, तहसीलदार नायब तहसीलदार, टीआई, सीईओ जनपद, सीएमओ, मास्टर ट्रेनर्स, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम, विद्युत वितरण कम्पनी, पुलिस बल, होमगार्ड, कोटवार, एसपीओ, सेक्टर ऑफिसर्स, कम्युनिकेशन टीम, परिवहन विभाग, मतदान दल के सदस्यों, बस चालक एवं प्रत्यक्ष परोक्ष रूप से लगे सभी अधिकारी- कर्मचारी बधाई के पात्र हैं।

## टिकट जांच में 24 करोड़ रूपये की आय अर्जित करने का बनाया रिकार्ड

जबलपुर यश भारत। जबलपुर रेल मंडल में कोरोना के उपरांत यात्री गाड़ियों की संख्यो बढ़ने के साथ ही ट्रेनों में बिना टिकिट अथवा अनियमित टिकिट पर यात्रा करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। जिस पर अंकुश लगाने के लिए मंडल टिकिट चेकिंग उड़नदस्ते एवं टिकिट निरीक्षकों द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है।इस सम्बन्ध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि वाणिज्य विभाग ने अप्रैल से जून माह तक टिकिट चेकिंग में अनियमित यात्रियों को पकड़ कर उनसे 24 करोड़ 82 लाख रूपये से अधिक की राजस्व आय, 3 लाख 4 हजार यात्रियों को पकड़कर अर्जित की है। उल्लेखनीय है कि मंडल के टिकिट चेकिंग स्टॉफ ने जून में एक लाख 14 हजार प्रकरणों में 9 करोड़ 87 लाख रूपये का रिकार्ड राजस्व वसूल किया है। मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि वाणिज्य विभाग द्वारा सघन जांच से रिकार्ड रेलवे आय अर्जित करने के साथ ही स्टेशन पर यात्री सुविधाओं, साफ सफाई, शुद्ध पेय जल, आदि के कार्य भी प्राथमिकता के साथ पूरे किये जा रहे है जिससे कि यात्री अपनी यात्रा मंडल में आरामदायक ढंग से पूर्ण करें।

# डूडी पुल बना लोगों के लिए मुसीबत

**पाटन, यशभारत।** पाटन मनखेड़ी मार्ग पर ग्राम डूडी के निकट मुख्य मार्ग की पुलिया के निर्माण धीमी गति से होने के कारण ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है पुलिया के बगल से आवागमन के लिए बनाई गई सर्विस रोड जो कि बारिश में बह गई है लोग जान जोखिम में डाल कर इसी टूटे मार्ग से निकलने को मजबूर है ।



लगभग दो वर्षों से चल रहे इस निर्माण की गति धीमी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है बही सड़क के दोनों और लगे मिट्टी के ढेरों से वाहन चालक फिसल कर गिर रहे है तेज बारिश में यह मार्ग घंटो बंद रहता है इस मार्ग पर आने बाले 20 से अधिक गांव का आनाजाना इसी मार्ग से होता है मार्ग बंद होने पर दूसरे मार्ग से 20 किलोमीटर का चक्कर लगाकर पाटन आना पड़ता है बही लोडिंग वाहन तो इस मार्ग से निकल ही नही सकते है ।

चार वर्षों से भी अधिक समय से मार्ग में बसों का जाना बंद है बही स्कूली बच्चों को लाने बाली बसें भी घूम कर आती है जिससे बच्चो स्कूल आने में एक घंटे का अतिरिक समय लगता है फिसलन होने से रात में मोटरसाइकिल चालक दुर्घटना का आए दिन शिकार हो रहे है चुकी यह पूरा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है और मानसून के साथ ही खेती के कार्य भी प्रारंभ हो गए है जिससे किसानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### इनका कहना है

एक पुलिया की वजह के हम लोगो को 20 किलोमीटर का चक्कर लगा कर पाटन जाना पड़ता है जिससे समय भी अधिक लगता है डूडी पुल जल्दी बन जाये तो कुछ राहत होगी।

**अभी रजक किसान**
**कुआखेड़ा**

# करेली में 104 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने वोट डाला

नरसिंहपुर यभाप्र। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022 के अंतर्गत जिले के 8 नगरीय निकायों में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता भी वोट डालने से पीछे नहीं रहे। दिव्यांग मतदाताओं ने व्हील चेयर पर मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। नपा परिषद करेली के लक्ष्मी नारायण वार्ड की निवासी 104 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती भागवती बाई रैकवार ने व्हीलचेयर के सहारे मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के प्रति बुजुर्ग महिला के उत्साह को देखकर सभी ने उनकी सराहना की। नागरिकों ने भागवती बाई को फूल माला पहनाकर उनका सम्मान किया। करेली के अन्य मतदान केन्द्रों पर भी बुजुर्ग एवं दिव्यांग महिलाओं ने मतदान किया। दिव्यांग महिलायें व्हीलचेयर पर मतदान केन्द्र पहुंची। राम वार्ड नरसिंहपुर के निवासी दिव्यांग चंद्रगोपाल जेठवानी छड़ी के सहारे चलकर शा. मा. कन्या शाला कंदेली नरसिंहपुर पहुंचे और वहां बनाये गये मतदान केन्द्र में वोट डाला। इसी प्रकार 87 वर्षीय महिला श्रीमती क्रांतिबाई द्वारा पुत्रीशाला कंदेली नरसिंहपुर के मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया गया।

### स्व.नीलेश सराफ को दी गई श्रद्धांजलि

गोटेगांव, यशभारत। नगर के प्रसिद्ध सराफा व्यापारी एवं पत्रकार नीरज सराफ के अनुज भ्राता नीलेश सराफ का विगत दिवस 40 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया था।जिससे सारा नगर शोकाकुल और द्रवित हो गया था।स्व.नीलेश सराफ की मिलनसारिता और मधुर व्यवहार के कारण भी मित्रों और शुभचिंतकों,सहयोगियों में दुख रहा।इसी तारतम्य में नगर के मध्य स्थित श्री विद्या भवन में स्व.नीलेश सराफ को भाव भीनी श्रद्धांजलि दी गई ।उनके तैल चित्र के समीप केंडिल की रोशनी करते हुए पुष्प अर्पित किए गए ।तत्पश्चात उपस्थित नगर के व बाहर से आये हुये समाजसेवियों और जैन समाज के लोगों ने स्व.जैन की मिलनसारिता और मधुर व्यवहार के साथ उनसे जुड़े संस्मरण को याद किया।इस अवसर पर नगर के सकल दिगम्बर जैन समाज के लोग और पत्रकार शामिल थे।सभी ने स्व.नीलेश को दो मिनिट का मौन धारण कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# पमरे की जनशताब्दी ट्रेन में जल्द ही लगेगा विस्टाडोम कोच

### पमरे के रेलयात्री प्राकृतिक दृश्यों का ले सकेंगे नजारा

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल में पहली बार रेल यात्रियों को विस्टाडोम कोच की सुविधा मिलने जा रही है। इसकी सेवा शीघ्र शुरू होगी। इस विस्टाडोम कोच को जबलपुर-रानीकमलापति-जबलपुर जनशताब्दी ट्रेन में लगाया जा रहा है। विस्टाडोम कोच ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के सफर को न केवल आरामदेह, बल्कि यादगार भी बनाएगा। विस्टाडोम कोच ऐसे डिब्बे हैं, जिनमें चौड़ी खिड़कियां हैं और छतें भी कांच की हैं, पारदर्शी छत इसका खास आकर्षण है, जिससे यात्री पूरे रास्ते प्राकृतिक दृश्यों का आनंद ले सकेंगे।

### पर्यटन को बढ़ावा

विस्टाडोम कोच रेलवे की नई पहल है जो पर्यटन स्थलों की यात्रा को बेहद यादगार बनाने के मकसद से हुई शुरुआत है। इससे न केवल लोग प्रकृति के और करीब आएंगे, बल्कि भारतीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। विस्टाडोम कोच पहली बार पमरे की किसीट्रेन में लगाया जा रहा है।




### 180 डिग्री पर घूम सकती हैं सीटें

कोच में यात्रियों के लिए कुल 44 सीटें हैं। ये सीटें आरामदायक तो हैं ही, पैर फैलाने के लिए भी काफी जगह है। ऐसे में बच्चों से लेकर बड़ी उम्र के लोग आराम से सफर कर सकते हैं। सीटों की सबसे बड़ी खासियत है कि इन्हें चारों ओर घुमाया जा सकता है, यानी यात्री सामने की ओर मुंह करके बैठने को मजबूर नहीं होगा, बल्कि जिस दिशा में चाहे, देख सकेगा। इस कोच में यात्रियों के लिए मनोरंजन की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

*ग्लास विंडो के बारे में*मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस वज्ञप्ति में बताया गया कि विस्टाडोम कोच में तीन साइड से ग्लास के विंडो होंगे। यह कोच पूरी तरह से पारदर्शी होंगे। यह कोच जनशताब्दी के सबसे पीछे लगाया जाएगा ताकि जब रूट से यह गुजरेगी वहाँ की घाटियों और वादियों का यात्री ट्रेन में बैठे-बैठे नजारा देखने के साथ ही उसे कैद कर सकेंगे। विस्टाडोम कोच मिलना पश्चिम मध्य रेल के लिए बड़ी उपलब्धि है। इस कोच की सेवा शीघ्र ही शुरू होगी। प्रकृति प्रेमी इस कोच में यात्रा के दौरान प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे।

# तेंदूखेड़ा में शांति पूर्वक संपन्न हुआ 83.50 प्रतिशत मतदान

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** नगर परिषद तेंदूखेड़ा 15 वार्डो के मतदान को लेकर मतदाताओं में एक उत्साह का वातावरण देखने को मिला जहां मतदाताओं ने सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर पंहुचकर अपने अपने सभी बूथों पर रिकार्ड 83.50 प्रतिशत मतदान दर्ज कराया। जिसमें कुल 10521 मतदाताओं में से 8785 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 5400 पुरूष मतदाताओं में 4624 तथा 5120 महिला एवं 1 अन्य मतदाताओं में 4161 वोट डाले गये। नये मतदाताओं एवं वृद्धों ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। दोपहर 12 बजे तक 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हो चुका था। मतदान क्रं 02 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था। वहीं मतदान केंद्र क्रं 07 को सखी सहेली मतदान केंद्र बनाया गया था। इस केंद्र पर पंहुचे सभी नये मतदाताओं का टाफी खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। रिटर्निंग अधिकारी और उनकी पूरी टीम की सूझ बूझ सतत सभी बूथों पर सुरक्षा के व्यापक स्तर पर प्रबंध किये गये थे।लगभग 12 वर्ष बाद तेंदूखेड़ा के मतदाताओं को नगर परिषद में मतदान करने का अवसर मिला है। पिछली बार के चुनाव र्निविरोध निर्वाचित हो जाने के कारण चुनाव नहीं हो सके थे। मतदान के इस महोत्सव को महत्वपूर्ण मानते हुये वार्ड क्रं 04 के एक मतदाता ने अपने मंगल परिणय बारात जाने के पूर्व पहले मतदान केंद्र पर पंहुचकर मतदान किया इसके उपरांत ही वह बारात लेकर रवाना हुआ। वहीं पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में लगभग सभी बूथों पर युवाओं में एक उत्साह का वातावरण देखने को मिला। नगर परिषद तेंदूखेड़ा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा लगभग सभी मतदान केंद्रों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को चाय पानी भोजन नाश्ता की व्यवस्था के साथ बूथों पर मतदाताओं को बैठने की उत्तम व्यवस्था कराई गई थी।बूथ क्रं 01 कुल मतदाता 1032 वोट डाले गये 790 मतदान का प्रतिशत 76.55, बूथ क्रं 02 कुल मतदाता 602 डाले गये बोट 504 मतदान का प्रतिशत 83.72, बूथ क्रं 03 कुल मतदाता 746 डाले गये बोट 644 मतदान का प्रतिशत 86.33, बूथ क्रं 04 कुल मतदाता 560 डाले गये बोट 472 मतदान का प्रतिशत 84.29, बूथ क्रं 05 कुल मतदाता 749 डाले गये बोट 611 मतदान का प्रतिशत 81.58, बूथ क्रं 06 कुल मतदाता 616 डाले गये बोट 469 मतदान का प्रतिशत 76.14, बूथ क्रं 07 कुल मतदाता 632 डाले गये वोट 477 मतदान का प्रतिशत 75.47 बूथ क्रं 08 कुल मतदाता 903 डाले गये ।

# भारत में अमेजन प्राइम मेंबर्स के लिए 23 और 24 जुलाई को होगा प्राइम डे 2022 का आयोजन

**एजेंसी।** भारत में प्राइम मेंबर्स को खुशियां मनाने का बहाना देने के लिए, अमेजन एक बार फिर से अपना वार्षिक प्राइम डे लेकर आ रहा है। दो दिनों तक आकर्षक डील्स, बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन, नए लॉन्च, और बहुत कुछ की शुरुआत होगी 23 जुलाई, 2022 को रात 12 बजे से, जिसका समापन होगा 24 जुलाई, 2022 को। यह समय है आराम से बैठने, रिलेक्स करने और सभी ब्लॉलबस्टर मनोरंजन और अपनी मनचाही चीजों को खरीदने का आनंद लेने का, क्योकि अमेजन अपने प्राइम मेंबर्स को सभी श्रेणियों में बेस्टन डील्स और बचत की पेशकश करेगा। स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, एप्लायंसेस, फैशन एंड ब्यूटी, किराना, अमेजन डिवाइसेस, होम एंड किचन, फर्नीचर से लेकर रोजमर्रा की जरूरी चीजें आदि तक प्राइम मेंबर्स नए लॉन्च, पहले कभी न सुनी गई डील्स, और बेहतरीन मनोरंजन बेनफिट्स का आनंद उठा सकते हैं।इस अवसर पर बोलते हुए, अक्षय साही, डायरेक्टर प्राइम एंड फुलफिलमेंट एक्सपीरियंस, अमेजन इंडिया ने कहा, भारत में हमारा छठा प्राइम डे हमारे सभी प्राइम मेंबर्स के लिए बेजोड़ खरीदारी और मनोरंजन अनुभव के साथ बड़ा, बेहतर और भरपूर है। हमें अभी तक अपने मौजूदा प्राइम मेंबर्स से मिली शानदार प्रतिक्रिया और मजबूत समर्थन के लिए हम उनके आभारी हैं, और मुझे पूरा भरोसा है कि इस प्राइम डे के दौरान भी रोमांचक डील्स, नए लॉन्च, और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन के साथ अपने लिए खुशियां प्राप्त करेंगे। अपने ग्राहकों के लिए वैल्यू और सुविधा को बढ़ाने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं और हम इसे प्राइम परिवार में नए ग्राहकों की सेवा और स्वागत करने के अवसर के रूप में भी देखते हैं।



# हम मैया का अपमान सहन नहीं करेंगे -सीएम शिवराज सिंह

## TMC सांसद महुआ मोइत्रा पर FIR

**भोपाल ( यश भारत )।** मां काली का विवादास्पद पोस्टर के मामले में मध्य प्रदेश पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कार्रवाई की है। भोपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सांसद के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने का आपराधिक मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महुआ मोइत्रा के बयान से हिंदूओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है, हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा हम किसी के विरोधी नहीं हैं। किसी भी धर्म की भावनाओं को आहत नहीं किया जाना चाहिए। मां काली के अपमान पर सांसद के खिलाफ मध्य प्रदेश में एफआइआर हो गई है। हमने साफ कर दिया है कि हम नहीं छोड़ेंगे। मैया का अपमान सहन नहीं करेंगे। सांसद महुआ मोइत्रा ने एक टीवी कार्यक्रम में चर्चा करते हुए हिंदू देवी काली को लेकर



अशोभनीय टिप्पणी की थी। जिसने हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत किया। क्राइम ब्रांच के मुताबिक जहांगीराबाद (भोपाल) निवासी रामचंद्र पिता भगवान दास ने क्राइम ब्रांच में लिखित शिकायत कर बताया कि वह देवी मां काली के भक्त हैं। बुधवार को उन्होंने अपने मोबाइल पर देखा एक टीवी कान्क्लेव 2022 में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने मां काली को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की है। इससे मेरी और मां की भक्ति करने वाले लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इस शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने आइपीसी की धारा 295 ए में महुआ मोइत्रा के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। मप्र पुलिस ने मोइत्रा के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया लेकिन वह सांसद महुआ की गिरफ्तारी के लिए तत्परता दिखाते हुए कब बंगाल जाएगी, इसका जवाब पुलिस नहीं दे रही है। जबकि छत्तीसगढ़ पुलिस ने राहुल गांधी के खिलाफ झूठा टवीट करने पर टीवी एंकर रोहित रंजन के खिलाफ एफआइआर भी की और तत्काल उसकी गिरफ्तारी के लिए गाजियाबाद भी पहुंच गई। क्या कहती है आइपीसी की धारा-295 (ए) कोई व्यक्ति समाज के किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करता है या उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य करता है। इससे संबंधित कुछ बयान देता है। इस धारा में दो साल की सजा या जुर्माना का प्रविधान है।

# सारे विद्यार्थी बहुसंख्यक फिर भी खुद को बताते हैं अल्पसंख्यक

### प्रदेश के 777, भोपाल के 76 निजी स्कूलों ने अल्पसंख्यक प्रमाणपत्र जमा कर आरटीई के दायरे से खुद को किया बाहर




**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश के 777 और राजधानी के 76 निजी स्कूलों ने अपने आप को अल्पसंख्यक घोषित किया है, इसके साथ ही यह शिक्षा के अधिकार की प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं। यह स्थिति तब है जबकि इन स्कूलों में अधिकांश विद्यार्थी बहुसंख्यक ही अध्ययन कर रहे हैं। नियमों की इस विसंगित पर मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सवाल उठाया है। आयोग ने स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर मामले में आरटीई नियमों में संशोधन करने अनुशंसा की है।

प्रदेश के कई स्कूल जिनमें अधिकांश बड़े -बड़े स्कूल शामिल हैं, अल्पसंख्यक संस्था होने का हवाला देकर शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के दायरे से बच निकलते हैं। इसके लिए वे राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था आयोग नई दिल्ली या जनजातीय कार्य विभाग से जारी प्रमाणपत्र जमा कर अपने संस्था को अल्पसंख्यक बताते हैं। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत इस वर्ष प्रदेश के 26 हजार 340 निजी स्कूलों में दो लाख 74 हजार सीटों के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश के लिए दो लाख 308 आवेदन आए हैं। वहीं अब तक एक लाख 53 हजार 220 सत्यापन हुए हैं, यानि 76 प्रतिशत आवेदकों का सत्यापन हो पाया है। दस्तावेजों के सत्यापन नौ जुलाई तक होंगे। 14 जुलाई को आनलाइन लाटरी के माध्यम से सीटों का आवंटन कर प्रवेश दिया जाएगा।

#### आयोग ने यह अनुशंसा की

मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने पत्र में लिखा है कि इस वर्ष आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आयोग ने लिखा है कि कई बड़े निजी स्कूल अपनी प्रबंधन समिति में अल्पसंख्यक सदस्यों की संख्या बताकर हर साल आरटीई के दायरे से बाहर हो जाते हैं। इससे कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला नहीं मिल पाता। आयोग ने मंत्री से अनुशंसा कि है कि इन बच्चों के हित को देखते हुए सरकार ऐसा नियम बनाए जिससे आरटीई के दायरे से कोई भी स्कूल केवल कमेटी के सदस्यों की संख्या के आधार पर बच न सके।

#### यह है आरटीई में प्रविधान

आरटीई के तहत अल्पसंख्यक स्कूल आरटीई के दायरे में नहीं आते। यह छूट संविधान की धारा-29, 30 के तहत दी जाती है।

#### हर साल बढ़ रही अल्पसंख्यक स्कूलों की संख्या

राज्य शिक्षा केंद्र के अधिकारियों का कहना है कि हर साल अल्पसंख्यक स्कूलों की संख्या बढ़ती जा रही है। पांच साल पहले तक 400 से 500 तक अल्पसंख्यक स्कूल थे। इस साल 700 तक का आंकड़ा पहुंच गया है। निजी स्कूल अपने प्रबंधन समिति में अल्पसंख्यक सदस्यों की संख्या बढ़ा रहे हैं, जबकि निजी स्कूलों में 50 प्रतिशत अल्पसंख्यक बच्चों का प्रवेश होना चाहिए। तब वे आरटीई के दायरे से बाहर होंगे।

#### प्रदेश के 1508 निजी स्कूल बंद हो गए

कोविड काल में प्रदेश के 1508 निजी स्कूल बंद होने से आरटीई के तहत प्रवेशित 12 हजार 195 बच्चे शिक्षा से वंचित हो गए हैं। साथ ही इन स्कूलों की सीटें इस वर्ष आरटीई प्रवेश प्रक्रिया में शामिल नहीं है।

# यूजी सीएलसी के तीसरे चरण में 39 हजार से अधिक पंजीयन



### साढ़े पांच लाख से ज्यादा सीटें खाली

### प्रदेश के 1321 कालेजों के लिए 11 जुलाई को सीएलसी के तीसरे चरण में यूजी की मेरिट लिस्ट होगी जारी

**भोपाल ( यश भारत )।** प्रदेश के सरकारी और निजी 1321 कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया अभी जारी है। इसके तहत बुधवार को कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) के तीसरे चरण में प्रवेश लेने वालों के साथ ही नए पंजीयन की संख्या में इजाफा हुआ है। बुधवार तक यूजी में 39 हजार 708 नए आवेदकों ने पंजीयन कराया है। वहीं अब तक एक लाख 10 हजार 16 ने कालेजों का विकल्प भी दिया है। इसके साथ ही 28 हजार 917 विद्यार्थियों ने दस्तावेजों का सत्यापन कराया है। यूजी और पीजी को मिलाकर अब तक कुल दो लाख 60 हजार प्रवेश हुए हैं। प्रदेश के कालेजों में यूजी व पीजी में लगभग आठ लाख सीटें हैं। इनमें से करीब साढ़े पांच लाख सीटें अब भी खाली हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार सीएलसी के तीसरे चरण में स्नातक स्तर पर दस्तावेजों के लिए आनलाइन पंजीयन बुधवार तक होना था। दस्तावेजों के सत्यापन की तिथि 10 जुलाई तक है। इसके बाद तीसरे चरण में किए गए पंजीयन और अपग्रेडेशन के विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। 11 जुलाई को सीएलसी के तीसरे चरण में यूजी की यह मेरिट सूची जारी की जाएगी।

#### पीजी में 17 हजार ने कराया पंजीयन

पीजी के सीएलसी के तीसरे चरण में 17 हजार 46 आवेदकों ने पंजीयन कराए हैं। अब तक 49 हजार 217 ने कालेज का विकल्प दिया है। 9271 आवेदकों ने दस्तावेजों का सत्यापन कराया है। तीसरे चरण में पीजी स्तर पर आवंटित कालेज के लिए आनलाइन प्रवेश शुल्क 11 से 13 जुलाई के बीच जमा होगा। पीजी के दूसरे चरण में 25 हजार 125 पंजीयन हुए थे। इनमें से 1599 के लगभग प्रवेश हुए हैं। पीजी में अब तक करीब 50 हजार से अधिक प्रवेश हुए हैं, जबकि डेढ़ लाख के करीब सीटें खाली हैं।

# हाथी रामबहादुर अब पर्यटकों को नहीं घुमाएगा

**भोपाल ( यश भारत )।** अपने ही महावत बुधराम रोतिया को कुचलकर मारने वाले हाथी रामबहादुर को अब न नियमित गश्त में लगाया जाएगा और न ही उनकी पीठ पर बैठाकर पर्यटकों को सैर कराई जाएगी। वन्यप्राणी मुख्यालय ने उसे अब जंजीरों से बांधकर रखे जाने का निर्देश दिया है। इस हाथी ने अगस्त 2020 में हिनौता वनपरिक्षेत्र के रेंजर बीआर भगत को टाइगर ट्रेकिंग के दौर सूंड से पकड़कर पटका और पैर से कुचल दिया था। तब बताया गया था कि उसने मदमस्त होकर इस घटना को अंजाम दिया है। उधर, कान्हा टाइगर रिजर्व के घोरेला बाड़े में कैद बाघिन सुंदरी को वन विहार लाने के आदेश जारी हो गए हैं। वन विहार प्रबंधन बाघिन को लाने की तैयारी कर रहा है। रामबहादुर ने तीन दिन पहले जिस महावत को मारा है, वह 20 साल से उसकी सेवा कर रहा था। वह हाथी को नहलाने, खाना खिलाने सहित बीमार होने पर इलाज के समय डाक्टर एवं अन्य कर्मचारियों का सहयोग करता था। अब बच्चे की तरह पालने वाले महावत को ही जब हाथी ने पैरों से कुचलकर मार दिया, तो वन्यप्राणी मुख्यालय ने उसे जंजीरों में बांधकर रखने का निर्णय ले लिया। माना जा रहा है कि हाथी अब दूसरों के लिए भी खतरा बन सकता है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 की घटना के बाद कुछ महीने हाथी को अलग रखा गया था। जब वह सामान्य हुआ, तो उसे नियमित गश्त में फिर से लगा दिया गया।



#### इसी हफ्ते लाई जा सकती है बाघिन

कान्हा टाइगर रिजर्व के घोरेला बाड़े में लंबे समय से कैद बाघिन सुंदरी अब वन विहार में पर्यटकों को आकर्षित करेगी। वन्यप्राणी मुख्यालय ने बाघिन को कान्हा से वन विहार शिफ्ट करने की अनुमति दे दी है। अब शिफ्टिंग की औपचारिकताएं पूरी होते ही बाघिन को भोपाल लाया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि बाघिन को इसी हफ्ते भोपाल लाई जा सकती है।

**हाथी को अब अलग रखा जाएगा। ताकि वह किसी और को कोई नुकसान न पहुंचा सके। वहीं बाघिन को कान्हा से शिफ्ट करने का आदेश जारी कर दिया है। जल्द ही बाघिन वन विहार लाई जाएगी।**
**जेएस चौहान, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक**


# परेशानी से बचने आज शाम से लाल परेड मैदान की तरफ जाने से बचें

**भोपाल ( यश भारत )।** नगरीय निकाय चुनाव में मतदान के बाद बुधवार शाम पांच बजे से मतदान दल मतपेटियों के साथ वापस लाल परेड मैदान लौटने लगेंगे। पुलिस ने ट्रैफिक का दबाव बढ़ने की आशंका से लाल परेड के आसपास के कुछ मार्ग बुधवार शाम पांच बजे से परिवर्तित किए हैं। जनसुविधा के लिए यातायात व्यवस्था में आवश्यकतानुसार इस तरह की व्यवस्था रहेगी। डीबी सिटी तिराहे से जेल मुख्यालय रोटरी होकर कंट्रोल रूम तिराहे की ओर जाने वाला सामान्य यातायात (जीप/कार) डीबी सिटी तिराहे से मैदा मिल, जिंसी धर्मकांटा होकर पुराने भोपाल की ओर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। इसी तरह से पुलिस मुख्यालय तिराहे से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम होकर गांधी पार्क तिराहा, रोशनपुरा की ओर सामान्य यातायात प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह पुराना मछलीघर तिराहे से गांधीपार्क तिराहे की ओर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। रोशनपुरा से भारत टाकीज की ओर जाने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन बाणगंगा, मछलीघर, खटलापुरा, पीएचक्यू तिराहा, लिली टाकीज होते हुये भारत टाकीज की ओर जा सकेंगे।

# फिर दिए जाएंगे रुस्तम जी पुरस्कार

### कम मतदान को लेकर कहा कि इसकी समीक्षा की जाएगी : गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा

भोपाल, यशभारत। नक्सल विरोधी अभियान में शामिल जवानों को दिये जाने वाला रुस्तम जी पुरस्कार फिर से प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार दो साल से बंद था। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि सरकार ने फिर से यह पुरस्कार दिए जाने का निर्णय लिया है, जिसमें, 5 लाख रुपए से 50 हजार रुपए तक का पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा, अभी 61 पुलिसकर्मियों को यह पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 140 नए मामले सामने आए हैं। 113 ठीक हुए हैं। अब एक्टिव केस की संख्या 788 बची है। उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव के प्रथम चरण के मतदान में कम मतदान को लेकर कहा कि इसकी समीक्षा की जाएगी। गृहमंत्री ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के बारे में कहा कि भाजपा को उनकी पूजा से कोई आपत्ति नहीं है, पर सवाल यह है कि वह चुनाव के समय ही पूजा क्यों करते हैं,उनकी पार्टी के नेता इच्छाधारी हिंदू हैं। फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलाई पर उन्होंने कहा कि लुक आउट नोटिस जारी करने के लिए वे केंद्र सरकार को पत्र लिखने जा रहे हैं क्योंकि अब वह जो कर रही हैं वह जानबूझकर कर रही हैं, ट्विटर को भी पत्र लिख रहे हैं, जो धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले चित्र हैं पोस्ट हैं इनपर निगरानी की जाए और इसे रोका जाए। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के आरोपों पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब हारती है तो यही कहते हैं, शराब बंटी, ईवीएम में गड़बड़ी जैसे तमाम आरोप लगाते हैं, यह इनकी हार से पहले की बौखलाहट है। ईवीएम सुरक्षित है। वह बताएं किस तरह की सुरक्षा चाहते हैं,नाम कटने की जानकारी ले रहे हैं।



# गृहमंत्री ट्विटर को लिख रहे पत्र, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ट्वीट रोकें

**भोपाल ( यश भारत )।** मध्य प्रदेश के गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि वे ट्विटर को पत्र लिखकर धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ट्वीट अपने स्तर पर रोकने के लिए कहेंगे। उन्होंने कहा कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले ट्वीट, कुछ विकृत मानसिकता के लोग जो ट्वीट करते हैं। जैसा काली फिल्म की डायरेक्टर लीना मणिमेकलाई जैसी विकृत मानसिकता वाले लोगों की ऐसी पोस्टों को रोकने के लिए प्रयास करें, जो लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार को पत्र लिखकर काली फिल्म की डायरेक्टर लीना मणिमेकलाई लुक आउट सर्कुलर जारी करने के लिए अनुरोध कर रहे हैं।

# वीवीपैट नहीं होने पर चुनाव निरस्त करने की मांग

**भोपाल ( यश भारत )।** । नगर निगम चुनाव 2022 में ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल नहीं होने पर आम आदमी पार्टी ने चुनाव निरस्त करने की मांग की है। इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग के सचिव राकेश सिंह से की गई है। आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप खंडेलवाल ने बताया कि बीते सालों में जिस प्रकार ईवीएम मशीनों में छेड़छाड़ हो रही है, ऐसे में निष्पक्ष मतदान की गुंजाइश कम है। इसीलिए बीते सालों में निर्वाचन आयोग ने चुनाव में पारदर्शिता लाने के निए ईवीएम के साथ वीवी पैट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। वहीं दूसरी समस्या लोगों का मतदाता पर्ची नहीं होने पर हुई। लोग मतदान के लिए बूथों में अपना नाम खोजते रहे, लेकिन उनके नाम मतदाता पर्चियां गायब थी। ऐसे में मतदाताओं को वोट डालने के लिए घंटो परेशान होना पड़ा। वहीं वार्ड क्रमांक 79, 74 और 28 में हजारों मतदाताओं ने पर्ची नहीं मिलने की वजह से वोट नहीं डाले। खंडेलवाल ने मतदाताओं की इन समस्याओं को लेकर निर्वाचन आयोग से चुनाव निरस्त करने की मांग की है।

#### मतदाता को मिलती पर्ची तो बंपर होती वोटिंग

वार्ड 52 में रहने वाले रामबाबू रैकवार ने बताया कि मतदाताओं को उनकी मतदाता पर्ची नहीं मिल पाई, जिससे मतदान का प्रतिशत कम रहा। वार्ड 52 के सुरेंद्र होम्स और पल्लवी नगर के रहवासियों के लिए ओरियन और सेवियर स्कूल में मतदान केंद्र बनाए गए थे। लेकिन मतदाता वहां पहुंचे तो उनके नाम की पर्चियां नही मिली। जबकि घरा आकर रैकवार ने देखा तो जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उनका नाम दिख रहा था। यही हाल अन्य मतदाताओं के साथ हुआ, जिससे वो मतदान में शामिल नहीं हो पाए।

# एसयूवी में सवार भाजपा नेताओं पर निर्दलीय प्रत्याशी के समर्थकों ने किया हमला



**भोपाल ( यश भारत )।** हबीबगंज इलाके में बुधवार दोपहर साढ़े चार बजे के करीब एसयूवी में सवार भाजपा के नेताओं पर वार्ड 45 की प्रत्याशी के पति समेत उनके समर्थकों ने हमला कर दिया। इस हमले में भाजपा नेताओं से मारपीट की गई। उनकी कार में जमकर तोड़फोड़ कर तलवारें लहराई गई। घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर में धरना-प्रर्दशन किया। बाद में पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया। हबीबगंज पुलिस के मुताबिक शैतान सिंह चौराहा शाहपुरा निवासी धमेंद्र सिंह पाल भाजपा के अरेरा मंडल के उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने हबीबगंज थाने में शिकायत कर बताया कि वे बुधवार को पूर्व जिला महामंत्री सुनील पांडे, साथी तजिंदर सिंह के साथ भीम दुबे की एसयूवी से धूम रहे थे। दोपहर करीब साढ़े चार बजे अपने साथियों के साथ वे शासकीय आयुर्वेदिक अस्पताल छह नंबर गए थे। वहां से निकलते वक्त वे अंकुर स्कूल के पीछे से पारूल अस्पताल जा रहे थे। बाहर निकलते ही वार्ड 45 से निर्दलीय प्रत्याशी के पति मोनू गोयल व असलम ने चुनावी रंजिश रखते हुए हमला कर दिया। उन्होंने असामाजिक तत्वों की मदद से सुनील पांडे जिस कार में सवार से, उस पर तलवार और पत्थर से हमला कर दिया। कार में जमकर तोड़फोड़ कर दी। बाद में गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। बाद में आरोपित फरार हो गए। भाजपा नेताओं पर हमले की जानकारी लगने के बाद सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हबीबगंज थाने पहुंचे और धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया।

# पुराना भुगतान नहीं होने से एजेंसी ने हमीदिया अस्पताल में फर्नीचर की आपूर्ति रोकी

**भोपाल ( यश भारत )।** हमीदिया अस्पताल के नए भवन के ब्लाक-ए को शुरू करने में बड़ी अड़चन सामने आई है। अधिकारी इस अस्पताल को अगस्त में शुरू करने का दावा कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि अस्पताल फर्नीचर की आपूर्ति ही रोक दी गई है। इसके लिए जिस एजेंसी से अनुबंध किया गया था, उसका एक खेप में की गई आपूर्ति की चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की तरफ से भुगतान ही नहीं किया गया है। इस कारण एजेंसी ने आगे की आपूर्ति रोक दी है। एजेंसी से मरीजों के बिस्तर, डाक्टर-नर्स के बैठने के फर्नीचर और बिस्तर के बगल में रखी जानी वाली मरीजों की साइड टेबल व अन्य उपकरणों की आपूर्ति करने के लिए के लिए अनुबंध किया गया था। ऐसे में अगस्त में भी यह अस्पताल शुरू होने के आसार नहीं हैं। बता दें कि संभागायुक्त गुलशन बामरा ने सोमवार को अस्पताल का दौरा कर सिविल कार्य जल्द पूरा करने और फर्नीचर की आपूर्ति शीघ्र करने के निर्देश निर्माण एजेंसी पीआइयू के अधिकारियों को दिए थे। पीआइयू के अधिकारियों ने बताया कि हास्पिटल ब्लाक-ए और ब्लाक-बी में कुल 1498 बिस्तर हैं। ब्लाक-बी शुरू हो गया है, लेकिन यहां अभी नए पलंग नहीं हैं। इनमें करीब 25 प्रतिशत पलंग की ही आपूर्ति अभी एजेंसी से हो पाई है। भुगतान होने के बाद ही बाकी फर्नीचर आने की उम्मीद है।

#### सुल्तानिया अस्पताल की शिफ्टिंग भी अटकी

सुल्तानिया अस्पताल को ब्लाक बी में शिफ्ट किया जाना है, लेकिन अभी तक ओटी ही तैयार नहीं हो पाया है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने जुलाई में शिफ्टिंग की समय सीमा तय की थी, पर अभी ओटी ही तैयार नहीं हो पाए हैं। बड़ी वजह यह की ओटी लाइट ही नहीं हैं।

#### सिविल कार्य 31 जुलाई तक पूरा करना होगा

ब्लाक-ए में करीब एक प्रतिशत सिविल कार्य भी अभी बाकी है। कुछ जगह कांच लगाए जाने हैं। इसके अलावा लाल भवन के पास सीढ़ियां बनाई गई हैं। यहां भी अभी फिनिशिंग का काम बाकी है। अस्पताल का निर्माण करने वाली कंपनी क्यूब कंस्ट्रक्शन का करीब ढाई करोड़ रुपये बकाया है। इस कारण एजेंसी ने काम की गति धीमी कर दी है। हालांकि निर्माण एजेंसी पीआइयू के अधिकारियों ने कहा कि 31 जुलाई तक भवन का काम पूरा कर इसे चिकित्सा शिक्षा विभाग का हस्तांतरित कर दिया जाएगा।



कमल नाथ के अधिकारियों को धमकाने पर शिवराज बोले-रस्सी जल गई पर बल नहीं गया

प्रथम तल-- रेडियोडायग्नोसिस विभाग का स्टाफ, टीचिंग स्टाफ, ब्लड बैंक, रिकार्ड रूम, नमूना संग्रहण की सुविधा।

द्वितीय तल-- छह माड्यूलटर ओटी जिनमें दो सर्जरी, एक ईएनटी और तीन आर्थो की। गैर माड्युलर ओटी छह जिनमें चार सर्जरी, एक ईएनटी और एक आर्थो की।

तृतीय तल--मेडिसिन विभाग के तीन आइसीयू और एक-एक आइसीयू सर्जरी का।

चतुर्थ तल से लेकर 11वें तल तक -- सर्जरी, मेडिसिन, अस्थि रोग विभाग, चर्म रोग विभाग, स्पोर्ट मेडिसिन और बुजुर्गों के लिए ओटी वार्ड एवं आइसीयू होंगे। फर्नीचर को भुगतान जीएमसी से नहीं होना है, इसलिए मुझे जानकारी नहीं है। भवन 31 जुलाई तक पूरा करने की समय सीमा पीआइयू को दी गई है। कोशिश है कि जल्दी अस्पताल शुरू हो जाए।
- डा. अरविंद राय, डीन, जीएमसी भोपाल

# मध्य में सबसे अधिक तो पश्चिम व केण्ट में सबसे कम मतदान

## विधानसभा वार तलाशे जा रहे जीत- हार के समीकरण

**जबलपुर यश भारत। नगर निगम चुनावों में मतदान के बाद अब जीत और हार के समीकरण अंक गणित के सहारे तलाशे जा रहे हैं। अब हर कोई वोटिंग परसेंटेज और वहां पर स्थानीय प्रभावों को टटोलकर पक्ष और विपक्ष के समीकरण बनाने में लगा हुआ है। ऐसे में विधानसभा बार भी देखा जा रहा है कि किस विधानसभा से मतदान कितना हुआ है।**



जिसके आधार पर वहां के स्थानीय विधायकों की स्थिति को समझने का प्रयास भी किया जा रहा है। यदि विधानसभा वार देखें तो सबसे ज्यादा मतदान मध्य विधानसभा क्षेत्र में हुआ है। जहां से 63 .54प्रतिशत वोट डाले गए हैं साथ ही इस विधानसभा में सबसे ज्यादा 21 वार्ड आते हैं। यदि सबसे कम वोटिंग वाली विधानसभा सीट की बात करें तो पश्चिम और कैंट दोनों ही विधानसभा है। जहां से औसत 57 प्रतिशत मतदान हुआ है।



वोटिंग समीकरणों के हिसाब से महत्वपूर्ण माने जाने वाले पूर्व विधानसभा में शहर के औसत मतदान के बराबर ही मतदान हुआ है जिसमें आंकड़ा 60.38 प्रतिशत है। वहीं नए वार्ड की बात करें तो इसमें 9 वार्ड हैं जो परिसीमन के बाद जबलपुर नगर निगम में शामिल हुए थे। जिसको विधानसभा वार देखें तो यहां से डेढ़ वार्ड बरगी विधानसभा में आते हैं तो बाकी पनागर विधानसभा में आते हैं। इसके मत प्रतिशत की बात करें तो यहां 62.40 प्रतिशत मतदान हुआ है जो शहर के औसत मतदान से ज्यादा है।

यदि इन आकड़ों को समझें तो मध्य विधानसभा में एक तरफ जहां सबसे ज्यादा मतदान हुआ है। वहां कांग्रेस से विधायक विनय सक्सेना हैं तो दूसरे नंबर पर मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र पनागर विधानसभा से विधायक बीजेपी के हैं। लेकिन वहां वार्ड की संख्या 8 पर सिमट जाती है। कैंट जो भाजपा का गढ़ माना जाता है और पश्चिम जहां से विधायक तो कांग्रेस के हैं लेकिन भाजपा का कैडर बहुत मजबूत है वहां से 57 प्रतिशत मतदान चौंकाने वाला है। राजनीतिक पंडित इन समीकरणों को अलग-अलग नजर से देख रहे हैं और इनके आधार पर जीत हार का जोड़-घटाना लगा रहे।

### मध्य विधानसभा क्षेत्र

| मतदान प्रतिशत | वार्ड संख्या | सबसे कम मतदान | सबसे अधिक मतदान |
|---|---|---|---|
| 63.54 % | 21 | 33 दयानंद सरस्वती 54.96 % | 36 मौ. अबुल कमाल 75.83 % |

### पूर्व विधानसभा क्षेत्र

| मतदान प्रतिशत | वार्ड संख्या | सबसे कम मतदान | सबसे अधिक मतदान |
|---|---|---|---|
| 60.38 % | 20 | 54 जवाहरलाल नेहरू 40.64 % | 50 ठक्कर ग्राम 72.24 % |

### पश्चिम विधानसभा क्षेत्र

| मतदान प्रतिशत | वार्ड संख्या | सबसे कम मतदान | सबसे अधिक मतदान |
|---|---|---|---|
| 57.07 % | 18 | 18 शहीद गुलाब सिंह 49.12 % | 4 शंकरशाह नगर 66.69 % |

### पनागर/बरगी विधानसभा क्षेत्र

| मतदान प्रतिशत | वार्ड संख्या | सबसे कम मतदान | सबसे अधिक मतदान |
|---|---|---|---|
| 62.40 % | 9 | 77 नंबर वार्ड 45.61 % | 71 नंबर वार्ड 76.36 % |

इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की वीसी में शामिल हुए सीएम

# 11 इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से राज्यों की तकदीर बदलेगी



**जबलपुर, यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज डुमना एयरपोर्ट में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर प्रोजेक्ट की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग लिया।**

इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मॉनिटरिंग अथॉरिटी की पहली बैठक में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन का ही कमाल है कि देश में 11 इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनने वाले हैं , जो राज्यों की तकदीर व जनता की तस्वीर बदलने का कार्य करेगी । उनके विजन से दिशा मिलती है और इससे तेज गति से काम करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में जैसा प्रेजेंटेशन में दिखाया गया, मध्यप्रदेश तेज गति से काम किया । उन्होंने प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश में विकास की प्रतिबद्धता जाहिर की और कहा कि विक्रम उद्योगपुरी को प्रमोट में 202 एकड़ जमीन अलाट कर दिए और इसमें 20 उद्योगपतियों ने जमीन भी ले चुके हैं तथा कई ने काम प्रारंभ कर दिए हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवंबर में एक कंपनी प्रोडक्शन प्रारंभ कर देगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 15 कंपनियों की आवेदन आ चुके हैं जिन्हें बहुत जल्दी लैंड अलॉट कर दिया जाएगा। विक्रम उद्योगपुरी में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उद्योगपतियों को कोई दिक्कत नहीं होगी।

### मध्यप्रदेश इन्वेस्टर्स फ्रेंडली स्टेट

सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश वैसे भी इन्वेस्टसज़ फ्रेंडली स्टेट है । कोविड काल में भी उद्योगिक विकास के लिए लगातार प्रयास किए हैं जिससे निवेश आने की गति ना रुके। उन्होंने डेलिगेशन ऑफ पावर को आश्वस्त किया कि, वे तत्काल इस कायज़ को पूरा करेंगे। दिल्ली-नागपुर कॉरिडोर के संबंध में कहा कि मध्य प्रदेश का वह क्षेत्र है जहां से यह निकलेगा, वहाँ भारतमाला परियोजना अंतर्गत 330 किलोमीटर के अटल एक्सप्रेसवे का कार्य प्रारंभ कर रहे हैं। जिसके दोनों और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। जमीन का चिन्हित कर लिया गया है और उद्योगपतियों को जमीन देने के लिए पूरी योजना भी तैयार की जा चुकी है।

### 11 हजार एकड़ जमीन को चिन्हित किया गया

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इसके लिए 11 हजार एकड़ जमीन चिन्हित कर लिया गया है। मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए प्रधानमंत्री का जो विजन है उसे पूरा करने के तड़प भी है, जिसे पूरी तत्परता के साथ समय सीमा में विभिन्न परियोजना पर काम कर पूरा करेंगे। उन्होंने दिल्ली -नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के प्रस्ताव को प्राथमिकता से बनाने को कहा। जिससे आगरा, ,मुरैना, ग्वालियर, गुना, भोपाल, होशंगाबाद, बैतूल व नागपुर में ठीक ढंग से उद्योग लाई जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के कई जगह अलग-अलग क्लस्टर चिन्हित कर इसके लिए जमीन देने का कायज़ प्रारंभ कर दिया गया है ।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का कायज़ योजना जितनी जल्दी होगी, उतनी जल्दी मध्य प्रदेश को लाभ मिलेगा।

### मध्यप्रदेश में निश्चित समय सीमा में कार्य होगा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अलावा वाराणसी-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का प्रस्ताव दिया। जिसमें कहा कि पूर्वी मध्यप्रदेश खनिज संसाधन की दृष्टि से संपन्न है। एल्युमीनियम व कोयला जैसे अलग-अलग खनिज प्रचुर मात्रा में है ।यदि यह पश्चिम से जोड़ दिया जाए तो क्षेत्र में बेहतर रोड कनेक्टिविटी व मार्केट प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में निश्चित समय सीमा में कार्य होगा।उन्होंने कदम से कदम मिलाकर तथा कंधे से कंधा मिलाकर कायज़ करने के साथ प्रधानमंत्री के सपनों को पूरा करने को कहा। उक्त वर्चुअल मीटिंग में 6 राज्यों के मुख्यमंत्री सहित रेल मंत्री व उद्योग मंत्री भी जुड़े थे।

# हाईकोर्ट ने कहा पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में प्रतिकार न करना नाकामी का परिचायक

**जबलपुर, यशभारत।** यदि पुलिस स्वयं की रक्षा करने में असमर्थ है, तो वह जनता की रक्षा कैसे करेगी। उसे चाहिए कि आत्मरक्षा के लिए सदैव तैयार रहे। ऐसा न होने पर उसकी भूमिका कठघरे में आ जाती है। सरेआम पुलिस पर हमले अनुचित हैं। पुलिस को चाहिए कि वह स्वयं को मजबूत करे। हमला होने पर आत्मरक्षा की दिशा में सचेत रहे। इस तरह स्वयं को कमजोर दिखाकर हास्य की पात्र न बने। इससे समाज में उसकी छवि खराब होती है। इस मामले में लगाए गए आरोप तक साबित नहीं हुए। इससे पुलिस को आत्म अवलोकन की दिशा में सक्रिय होना चाहिए।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने एक आपराधिक प्रकरण में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा प्रतिकार नहीं करना, उसकी नाकामी दशार्ता है। इस मामले में न तो पुलिस के पास कोई ठोस स्पष्टीकरण है और न ही ठोस प्रमाण। यही नहीं एमएलसी रिपोर्ट और एफआइआर में दिए बयान भी परस्पर मेल नहीं खा रहे हैं। लिहाजा, पुलिस आरक्षक पर हमला करने के आरोपित युवक शैलेन्द्र सिंह रावत को राहत दी जाती है।



दरअसल, जनवरी, 2022 में भोपाल के बिलखिरिया थानांतर्गत सार्वजनिक स्थान पर हंगामा हुआ था। मौके पर भोपाल निवासी शैलेन्द्र व उसका भाई मौजूद था। आवेदक की ओर से अधिवक्ता अभय पांडे ने बताया कि पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि इसी दौरान शैलेन्द्र ने पुलिस आरक्षक अरुण मेहर पर लात-घूंसों से हमला बोल दिया। पुलिस ने दोनों भाईयों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई। अधिवक्ता पांडे ने दलील दी कि एमएलसी रिपोर्ट में आया कि पुलिस आरक्षक पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया है। जबकि एफआइआर में लात-घूंसों से हमला व गर्दन के पास नोचने का तथ्य दर्ज किया गया था। इस तरह एमएलसी व एफआइआर के तथ्य परस्पर विरोधाभासी हो गए। ऐसे में दोष मुक्त किए जाने का आधार बनता है।





































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)